संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -71 गुरूवार, 11 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# एकनाथ ही बने रहेंगे मुख्यमंत्री

## अयोग्यता मामले में बोले स्पीकर-एकनाथ शिंदे को हटाने का अधिकार नहीं

- स्पीकर के फैसले से उद्धव को बड़ा झटका
- शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार
- राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट को बताया असली शिवसेना
- स्पीकर ने शिंदे गुट के विधायकों को योग्य ठहराया



**नई दिल्ली,10 जनवरी 2024 (ए)।**शिवसेना-यूबीटी ने शिंदे समेत 16 शिवसेना विधायकों को अयोग्य घोषित करने के संवेदनशील मामले पर फैसले से पहले 7 जनवरी को दोपहर के भोजन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के बीच बैठक पर आपत्ति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा दाखिल किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर को आदेश दिया था कि वह उद्धव ठाकरे और शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के दो प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 10 जनवरी तक अपने फैसले का ऐलान करें।

शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु द्वारा दायर आवेदन में कहा गया है कि अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने से सिर्फ तीन दिन पहले स्पीकर के लिए एकनाथ शिंदे से मिलना बेहद अनुचित है।

आगे कहा गया है, दसवीं अनुसूची के तहत निर्णायक प्राधिकारी के रूप में अध्यक्ष को निष्पक्ष तरीके से कार्य करना जरूरी है। अध्यक्ष के आचरण से विश्वास प्रेरित होना चाहिए और अपने उच्च कार्यालय में व्यक्त संवैधानिक विश्वास को उचित ठहराना चाहिए। हालांकि, अध्यक्ष का वर्तमान कार्य शीर्ष अदालत के समक्ष दायर आवेदन में कहा गया है, माननीय अध्यक्ष निर्णय लेने की प्रक्रिया की निष्पक्षता और निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं।

इसमें कहा गया कि फैसले की समय सीमा से ठीक पहले सीएम शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात करने का स्पीकर का कृत्य कानूनी सिद्धांत का उल्लंघन है कि न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि न्याय होते हुए दिखना भी चाहिए।

जून 2022 में पार्टी में विभाजन के बाद शिवसेना के दोनों गुटों ने दलबदल विरोधी कानून के तहत एक-दूसरे के खिलाफ याचिकाएं दायर कीं।

बाद में मुख्यमंत्री शिंदे और उनके खेमे के खिलाफ दायर अयोग्यता कार्यवाही पर निर्णय लेने में अध्यक्ष द्वारा की गई देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने शीर्ष अदालत का रुख किया।मई 2023 में सुप्रीम कोर्ट की एक संविधान पीठ ने निर्देश दिया था कि महाराष्ट्र स्पीकर को शिंदे सहित 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर उचित समय में फैसला करना चाहिए, जिन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप था।

## अयोध्या में राम,बिहार में राजनीति...

### नीतिश कुमार के मंत्री अब बोले-भगवान को हाईजैक करना चाहते हैं...

**पटना,10 जनवरी 2024 (ए)।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**देश में बिहार के विकास का मॉडल चल रहा**

श्रवण कुमार ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग भगवान राम को



कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए टिकट बंटवारे के समय भाजपा में जबरदस्त भगदड़ मचेगी, क्योंकि लोकसभा की एक-एक सीट के लिए आठ-10 उम्मीदवारों को भाजपा में शामिल कराया जा रहा है। टिकट किसी एक को मिलेगा। टिकट से वंचित लोग भगदड़ मचाएंगे।

वे बुधवार को जदयू कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा हाईजैक करना चाहते हैं। ये भगवान राम के नाम पर लोकसभा सीट जीतना चाहते हैं। चुनाव के बाद ये लोग घर बैठ जाएंगे। इन्हें भगवान राम और देश जनता से मतलब नहीं है। कुमार ने कहा कि बिहार के विकास मॉडल को पूरा देश मानता है। राज्य सरकार के कार्यों का अनुसरण पूरा देश कर रहा है। वहीं, मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य सरकार नौकरी देने के मामले में रिकॉर्ड बनाने जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### न्यायालय में जहर भरा लिफाफा पहुंचने से हड़कंप



**रतलाम,10 जनवरी 2024 ( ए )।** मध्यप्रदेश के रतलाम जिला न्यायालय की एक अदालत में आज दोपहर जहर भरा लिफाफा पहुंचने से हडकंप मच गया। न्यायिक अधिकारियों ने तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और शाम होने तक लिफाफा भेजने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### राम मंदिर के लिए सौंपा गया 2,400 किलो का घंटा

**अयोध्या,10 जनवरी 2024 (ए)।** यूपी के एटा के जलेसरवासियों की तरफ से बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट को 2,400 किलो का घंटा सौंपा गया।



दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में बने इस घंटे की आवाज दस किलोमीटर तक जाएगी। इसके साथ ही 51 किलो के सात और घंटे भी सौंपे गए।

## यात्रा को मणिपुर के सीएम ने किया नामंजूर

- यहीं से होनी है यात्रा की शुरुआत
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोले- सीएम को नहीं मना पाया
- 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**मणिपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** 14 जनवरी को मणिपुर के जिस ग्राउंड से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होनी है,यात्रा को मणिपुर के सीएम ने नामंजूर कर दिया है। बता दें कि यात्रा की शुरुआत यहीं से होनी है। कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए सीएम चीफ केशम मेघचंद्रा ने सीएम एन बीरेन से मुलाकात की और उनसे इस यात्रा को इंफाल के पैलेस ग्राउंस से शुरू करने की अनुमति देने की गुजारिश की, लेकिन मुख्यमंत्री नहीं माने।मेघचंद्रा ने बोले- मैंने मुख्यमंत्री को बताया कि हम इस यात्रा के दौरान कांग्रेस का झंडा नहीं फहराएंगे, न ही ये यात्रा राजनीतिक होगी। इसके बावजूद इंकार का इनकार करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब हम इस यात्रा को थोउबल जिले में प्राइवेट प्रॉपर्टी से शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। मणिपुर कांग्रेस अध्यक्ष इस यात्रा के लिए परमिशन मांगने के लिए बुधवार को सीएम एन बीरेन सिंह से मिले। बता दें कि 14 राज्य और 85 जिलों को कवर करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा।

दिल्ली में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने इस यात्रा का रोड मैप और पैम्फलेट जारी किया। तब वेणुगोपाल ने कहा था कि ये राजनीतिक यात्रा नहीं है,इसलिए सरकार को राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। यात्रा का मकसद अशांत मणिपुर के लोगों के घावों को भरना और नफरत खत्म करके प्रेम का संदेश फैलाना है।

## श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी

**नई दिल्ली,10 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी नहीं जाएंगे। हालांकि कांग्रेस ने प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता सम्मानपूर्वक अस्वीकार कर दिया गया है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भगवान राम हमारे देश में लाखों-करोड़ों लोगों द्वारा पूजे जाते हैं। धर्म एक व्यक्तिगत मामला है। लेकिन आरएसएस/बीजेपी ने लंबे समय से अयोध्या में मंदिर को राजनीतिक प्रोजेक्ट बनाया है। बीजेपी और आरएसएस के नेताओं द्वारा अधूरे मंदिर का उद्घाटन किया जा रहा है, जोकि स्पष्ट रूप से चुनावी लाभ के लिए है। 2019 के सुप्रीम कोर्ट के




फैसले का पालन करते हुए और भगवान राम का सम्मान करने वाले लाखों लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और अधीर रंजन चौधरी ने सम्मानपूर्वक निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है जो स्पष्ट रूप से आरएसएस/भाजपा का कार्यक्रम है।

## अरविंद केजरीवाल को अभी तक नहीं मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण

### अब विश्व हिंदू परिषद ने कही ये बात

**नई दिल्ली ,10 जनवरी 2024 (ए)।** 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह हो रहा है। इसके लिए देशभर के राजनेताओं को निमंत्रण भेजा जा रहा है। वहीं, आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी तक समारोह में शामिल के लिए कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला है। आप के सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री को कुछ दिन पहले एक पत्र मिला था, जिसमें बताया गया था कि उन्हें अपनी तारीखें रोक लेनी चाहिए और विवरण के साथ एक औपचारिक निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी तक कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं आया है।



### क्या कहा वीएचपी के पदाधिकारी ने?

हालांकि, विश्व हिंदू परिषद के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि कुछ दिन पहले केजरीवाल को एक निमंत्रण भेजा गया था। वीएचपी के पदाधिकारी दावा किया कि, मैं इसकी पुष्टि करता हूं कि उन्हें समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। लेकिन उन्हें निमंत्रण व्यक्तिगत रूप से भेजा गया, या डाक के जरिए या डिजिटल के जरिए, इसकी पुष्टि नहीं कर सकता हूं। आधिकारिक सूत्रों ने पहले कहा था कि अयोध्या में प्राष प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण कार्ड मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के माध्यम से सभी मेहमानों को हाथ से वितरित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सदस्य, वीएचपी और उनके सहयोगी भी निमंत्रण देने में सहायता कर रहे हैं।

## 13 साल से फरार पीएफआई कार्यकर्ता को एनआईए ने किया गिरफ्तार

**कोच्चि,10 जनवरी 2024 (ए)।** केरल के कुख्यात हाथ काटने के मामले में मुख्य आरोपी सवाद को एनआईए ने बुधवार को कन्नूर से हिरासत में लिया। एनआईए ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। सवाद पिछले 13 सालों से फरार था। सवाद को आज एनआईए अदालत में पेश किया गया।

सवाद एर्नाकुलम जिले का रहने वाला है और उसने ही जुलाई 2010 में अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोफेसर टी.जे. जोसेफ का दाहिना हाथ काटा था। ये सभी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया



(पीएफआई) के कार्यकर्ताओं से संबंधित थे।यह घटना तब हुई जब जोसेफ अपनी मां और बहन के साथ चर्च से घर लौट रहे थे।मामले की जांच एनआईए ने की और 2015 में विशेष एनआईए अदालत ने पीएफआई के संबंध रखने वाले 13 लोगों को दोषी ठहराया था।

पिछले साल पूरक आरोप पत्र के हिस्से के रूप में, एनआईए अदालत ने पांच को छोड़ दिया और छह को आरोपी पाया गया।

सवाद की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जोसेफ ने कहा-एक व्यक्ति के रूप में जिसने इसे झेला है, मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन एक नागरिक के रूप में, यह अच्छा है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

## मंदिरों में हिंदू भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू

### केवल इस ड्रेस में मिलेगी एंट्री

**बेंगलुरु,10 जनवरी 2024 (ए)।** बेंगलुरु में मंदिर प्रबंधन बुधवार से एक ड्रेस कोड लागू कर रहा है। अब भक्तों को केवल भारतीय पारंपरिक ड्रेस में ही मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। कर्नाटक देवस्थान महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति इस संबंध में मंदिरों के सामने बोर्ड लगाएगी और बुधवार से इस संबंध में सख्त नियम लागू करने को कहा है।

ड्रेस कोड के अनुसार,पुरुषों को शॉर्ट्स, बरमूडा, फटी जींस, सीना दिखाने वाली टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। वहीं, महिलाओं को शॉर्ट्स, मिडी, फटी जींस में मंदिरों के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड ने श्रद्धालुओं से यह भी अपील की है कि वे अशोभनीय, अश्लील



पोशाक पहनकर मंदिरों में प्रवेश न करें। इसमें यह भी कहा गया है कि मंदिर की पवित्रता की रक्षा करना परम धार्मिक कर्तव्य है।कर्नाटक मंदिर-मठ और धार्मिक संस्थान संघ ने पिछले महीने सभी मंदिरों के पुजारियों और ट्रस्टियों की बैठक बुलाई थी और जनवरी में नियम लागू करने का फैसला किया था। पहले अपील की गई थी और हिंदू संगठनों ने फैसले का समर्थन किया था। बेंगलुरु के वसंत नगर में श्री लक्ष्मी वेंकटरमण मंदिर के सामने इस संबंध में एक बोर्ड लगाकर मंदिरों के लिए ड्रेस कोड अभियान भी चलाया जाएगा।

## नक्सलियों ने अपने ही साथी को उतारा मौत के घाट

**रांची,10 जनवरी 2024 (ए)।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने अपने ही संगठन से जुड़े एक नक्सली नेल्सन भेंगरा की गोली मारकर हत्या कर दी। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने संगठन की सूचनाएं



पुलिस तक पहुंचाने के आरोप में उसे मौत की सजा दी है।नेल्सन भेंगरा सारंडा जंगल के जराईकेला थाना क्षेत्र का निवासी था। वह लंबे समय से भाकपा माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि 9 जनवरी की रात हथियारबंद नक्सलियों का एक समूह उसके गांव समठा पहुंचा। वे उसे पकड़कर अपने साथ ले गये। पहले उसकी जमकर पिटाई की और फिर बाद में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। नेल्सन की हत्या की बाबत पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। उल्लेखनीय है कि ओडिशा की बिसरा थाना पुलिस ने नेल्सन भेंगरा को मई 2023 में जेल भेजा था। उसे सड़क निर्माण कंपनी से नक्सलियों के नाम पर लेवी मांगने के आरोप में जेल भेजा गया था। दो महीने पहले ही वह जेल से निकला था।इधर, हत्या के बाद कोल्हान डीआईजी अजय लिंडा के नेतृत्व में भारी तादाद में पुलिस और सीआरपीएफ के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। जराईकेला, मनोहरपुर और छोटा नगरा क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की तलाश की जा रही है।

## राम मंदिर के स्वर्ण जड़ित पहले दरवाजे में 100 किलो सोने का होगा इस्तेमाल

**अयोध्या,10 जनवरी 2024 (ए)।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में बने रामलला के भव्य मंदिर में सोने की परत चढ़े गेट लगाए जा रहे हैं। स्वर्ण जड़ित गेट की पहली तस्वीर सामने आई तो भक्त प्रफुल्लि हो उठे। स्वर्ण जड़ित यह दरवाजा गर्भगृह के मुख्य द्वार पर लगाया गया है। मंदिर में ऐसे 14 दरवाजे लगाए जाने हैं, जिनमें करीब 100 किलो सोना उपयोग होने का अनुमान है।



अयोध्या नागर शैली में बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर में 392 खंभे और 44 द्वार हैं। पहली मंजिल बनकर तैयार हो गई है। इसके लिए दरवाजे हैदराबाद की एक कंपनी तैयार कर रही है। दरवाजों में शानदार नक्काशी की गई है। इनमें शुभता के प्रतीक माने जाने चिह्नों व संकेतों के अलावा हाथी, घोड़े, कमलदल और झरोखे जैसे डिजाइन बनाई गई हैं।

श्रीराम जन्मभूमि के 380 फीट लंबे और 250 फीट चौड़े परिक्षेत्र में 161 फीट ऊंचा राम मंदिर बनाया जा रहा है। इसके हर मंजिल की ऊंचाई 20 फीट प्रस्तावित है। मंदिर के लिए रामलला की मूर्ति फाइनल कर ली गई है। 22 जनवरी को विशेष मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा की जानी है।

इससे पहले मंदिर को विशेष तरीके से सजाया जा रहा है। रामलला के लिए सोने और चांदी की प्लटे से बना भव्य आसन गर्भगृह में लगाया गया है। साउथ के एक कलाकार ने उनके चांदी की चरण पादुका बनाई है। जिन्हें देशभर के मंदिरों में दर्शन के लिए रखा जा रहा है। वहीं गुजरात के एक कलाकार ने रामलला की आंखें सोने में गढ़ी है।

## संपादकीय

# बेरोजगारी का यह आलम

ऊंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना-जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं-स्पष्टतः देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी देश में बेरोजगारी की ऊंची दर की पुष्टि करते हैं।

मीडिया की सुर्खियों ने आबादी के बड़े हिस्से को सुखबोध से ओत-प्रोत कर रखा है। ऐसा सोचने वाले लोगों की कमी नहीं है कि जल्द ही भारत आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। बल्कि कहा तो यह भी जाता है कि ऐसा हो भी चुका है। मगर यह हवाई नैरेटिव है, जो जमीनी सूरत से ध्यान हटाते हुए गढ़ा गया है। जमीनी सूरत क्या है, इसकी खबरें भी अक्सर आती हैं, लेकिन वे अखबारों में कहीं अंदर के पन्नों पर दब जाती हैं। मसलन, इस ताजा खबर पर गौर कीजिए,दिल्ली के चिड़ियाघर में 100 लोगों को नौकरी पर रखा गया है। उनमें लगभग सभी के पास ऊंची डिग्रियां हैं। ये अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, मेटलर्जी आदि जैसे विषयों में ग्रेजुएट, पोस्ट-ग्रेजुएट और इंजीनियरिंग जैसी डिग्रियां हासिल कर चुके नौजवान हैं। उन्हें जू-कीपर की नौकरी मिली है। जू-कीपरों का काम चिड़ियाघर के पशुओं का हर तरह से ख्याल रखना होता है। इस नौकरी के लिए बारहवीं पास होने की योग्यता काफी है। इस नौकरी में 18,000 से 22,000 रुपये तक का मासिक वेतन मिलता है।

ऊंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना- जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं- स्पष्टतः देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। पीरिऑडिक लेबर फोर्स सर्वे के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 में देश में ग्रेजुएट युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 13.4 प्रतिशत थी। लेकिन यह आंकड़ा भी पूरा सच नहीं बताता। मसलन, अब अपनी योग्यता से निम्नतर नौकरी पा जाने उपरोक्त 100 युवा भी बेरोजगारी की श्रेणी से बाहर हो गए हैं। ऐसी हालत लाखों नौजवानों की है। फिर सरकारी परिभाषा में अर्ध या अस्थायी रोजगार में लगे लोगों को बेरोजगार नहीं माना जाता है। विश्व बैंक ने 2022 में कहा था कि भारत में 15-24 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 25 प्रतिशत के आसपास है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की- स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023- नामक रिपोर्ट के मुताबिक 2021-22 में 25 साल से कम उम्र के ग्रेजुएट युवाओं में 42 प्रतिशत बेरोजगार थे। ये आंकड़े हकीकत से ज्यादा मेल खाते हैं।

# गठ बंधन की सिर फुटव्वल

जहां एक और सारा देश बल्कि सारा संसार राम मय हो रहा है,वही दूसरी और कुछ विघ्न संतोषी लोग अयोध्या के राम मंदिर की मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की टाइमिंग आदि को लेकर राजनीति करने पर आमादा हैं!भारतीय जनता पार्टी को इस बात के लिए हर चैनल पर कोसा जा रहा है कि क्या भारतीय जनता पार्टी ने मंदिर का निर्माण कराया है, जो गिने चुने लोगों को बाइस जनवरी के कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भेजा गया?प्रश्न विचारणीय तो है!मगर सत्ता धारी दल की कुछ तो जिम्मेदारी होती है ।सुरक्षा को लेकर हो या कार्यक्रम की सफलता को लेकर हो।

भारतीय जनता पार्टी के स्थान पर यदि कांग्रेस या अन्य दल की सरकार होती, तो क्या वह इस दायित्व का निर्वहन नहीं करती?वहीं दूसरी और यह आरोप लगाना भी अनुचित है कि मंदिर पर राजनीति की जा रही है!पिछले दिनों ही भारतीय जनता पार्टी ने तीन राज्यों के विधान सभा चुनाव में अपने जीत का झंडा गाड़ा है! जिससे यह तो साबित हो ही गया है कि जन समर्थन आज भी भारतीय जनता पार्टी के साथ ही है।विपक्षी दलों ने एक जुट हो कर जो इंडिया गठ बंधन बनाया है, उसका आज तक कोई कॉमन मिनिमम प्रोग्राम नहीं बना है। न यह तय हो पाया है कि जीतने की स्थिति में देश का अगला प्रधान मंत्री कौन बनेगा?क्योंकि इस बेमेल झुंड! में भिन्न विचार धारा के प्रादेशिक नेता भी हैं ,जो अभी से सिर फुटव्वल में अपनी बयानबाजी से भारतीय जनता पार्टी को मजबूती देने में लगे हैं!देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने तो पूर्ण आत्म विश्वास से अगले लोक सभा में शानदार जीत तथा तीसरी बार प्रधान मंत्री बनने का आत्म विश्वास भरा बयान दे दिया है!जीतेगी तो भाजपा तथा एक अकेला सब पर भारी जैसे डायलॉग से इंडिया गठ बंधन में खलबली तो मचा ही दी है!

भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग श्री राहुल गांधी पुनः प्रारंभ करने वाले हैं!पूर्व में भारत जोड़ो यात्रा के दुष्परिणामों में राजस्थान ,छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारें गंवानी पड़ी थी। इससे भी कांग्रेस जन कुछ सीखने को तैयार नहीं है,जो विचारणीय है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात से अभी तक इतना कमजोर और भयभीत विपक्ष आज तक देखने को नहीं मिला।जो स्व विवेक से सही निर्णय लेने में असमर्थ है!इसका या तो यह कारण है कि जनता को इनके चेहरे से नकाब उतारने में भा ज पा के शीर्ष नेता कामयाब रहे हैं?या बकौल विपक्षी नेताओं के ई वी एम के कथित चमत्कार से?

जो भी हो फिलहाल तो कहीं से कहीं तक इस गठ बंधन में आपसी मुहब्बत की पींगे बढ़ने के दूर-दूर तक आसार दिखाई नहीं देते!जो भी हो, भगवान राम को घर-घर का नायक तो इन्होंने बनाने में सफलता हासिल कर ही ली है। आज ही समाचार आया है कि गीता प्रेस गोरख पुर रामायण और हनी चालीसा के पूरे देश दुनिया से लाखों प्रतियों के ऑर्डर मिल रहे हैं जिसे ये पूरा करने में असमर्थता जता चुके हैं । जो इस राम लला के इस प्राण प्रतिष्ठा के 22।01।24 के भव्य समारोह को लेकर उत्साह वर्धक प्रचार प्रसार का ही सद्परिणाम है। जय श्री राम।

मेरा तो विपक्षी नेताओं को एक ही सुझाव है कि अगर आपको पुनः सत्ता हासिल करना है तो अपनी जुबान पर लगाम लगाने तथा बोलने से पहले सोचना चाहिए कि हमारे दिए गए बयानों का दूरगामी परिणाम क्या निकलेगा।

**पंकज शर्मा तरुण**
मोती महल,गायत्री नगर
पिपलिया मंडी मंदसौर मध्यप्रदेश

# उपचुनाव में हार से सबक ले भाजपा

राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रूपिंदर सिंह



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

कुन्नर ने भाजपा प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को 11261 वोटो के अंतर से हरा दिया है। सुरेंद्रपाल सिंह टीटी की हार से भाजपा की किरकिरी हुई है। भाजपा ने उप चुनाव के दौरान अपने प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को चुनाव जितवाने के लिए चुनावी प्रक्रिया के दौरान ही मंत्री तक बना दिया था। मगर इसके बावजूद भी वह चुनाव में पराजित हो गए। देश में इस तरह कि यह पहली घटना है। जब चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया था। चुनावी प्रक्रिया के दौरान टीटी को मंत्री बनाने को लेकर कांग्रेस ने चुनाव आयोग तक शिकायत भी की थी। मगर भाजपा ने किसी भी आरोप की परवाह ना करते हुए टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलवा दी थी।

राजस्थान में भाजपा की सरकार बने अभी एक महीना भी नहीं हुआ है। उससे पहले ही सरकार को उपचुनाव में बड़ा झटका लगा है। उपचुनाव में हुई हार का असर अगले लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। उपचुनाव की जीत से जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मनोबल मजबूत हुआ है जिससे लोकसभा चुनाव में वह और अधिक एकजुटता से चुनाव लड़ने का प्रयास करेंगे। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां से विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर को अपना प्रत्याशी बनाया था। मगर मतदान से पूर्व ही उनकी मृत्यु होने से चुनाव स्थगित हो गया था। कांग्रेस ने मतदाताओं की सहानुभूति लेने के लिए अपने मृतक विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के पुत्र रूपिंदर सिंह कुन्नर को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था। कांग्रेस का यह दाव सफल रहा और उनका प्रत्याशी चुनाव जीत गया।




श्री गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में वैसे भी विधानसभा चुनाव में भाजपा इस बार काफी कमजोरी रही है। क्षेत्र की आठ में से भाजपा सिर्फ दो सीट सादुलशहर व श्रीगंगानगर ही जीत पाई है। पांच सीटों पर श्रीकरणपुर, सूरतगढ, रायसिंह नगर, संगरिया, पीलीबंगा में कांग्रेस व हनुमानगढ़ सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजय हुआ है। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से 94340 वोट अधिक मिले हैं। भाजपा प्रत्याशियों को पाच लाख 94 हजार 651 वोट व कांग्रेस प्रत्याशियों को छः लाख 88 हजार 991 वोट मिले हैं। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निहालचंद मेघवाल 406978 वोटो से जीते थे।2019 के चुनाव में भाजपा के निहालचंद मेघवाल को 897177 वोट व कांग्रेस के भरतलाल मेघवाल को 490199 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से 2023 के विधानसभा चुनाव तक जहां भाजपा कमजोर हुई है वहीं कांग्रेस मजबूत बनकर उभरी है। मौजूदा सांसद निहालचंद के खुद के विधानसभा क्षेत्र रायसिंह नगर में भी कांग्रेस के सोहनलाल नायक ने भाजपा के बलवीर सिंह लूथरा को 14025 वोटो से हरा दिया है। जबकि रायसिंह नगर सीट पर मौजूदा सांसद निहालचंद के दादा बेगाराम 1972 में, खुद निहालचंद मेघवाल 1998 में, उनके छोटे भाई लालचंद मेघवाल 2003 में विधायक रह चुके हैं।अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी को नहीं जीतवा पाने से पांच बार के भाजपा सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल की स्थिति कमजोर हुई है। 2023 के विधानसभा चुनाव में श्रीगंगानगर लोकसभा क्षेत्र में जिस तरह से कांग्रेस ने बढ़त बनाई है। उसको देखते हुए लगता है कि अगले लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी ही चुनाव जीत जाएगा।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ भी सिर मुंडाते ही ओले पड़ने वाली कहावत चरितार्थ हो गई है। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्रपाल सिंह टीटी को स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री भी बना दिया था। मगर उनका यह दाव भी फेल हो गया और श्रीकरणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने सहानुभूति लहर पर सवार कांग्रेस के रूपिंदर सिंह कुन्नर को जीतकर यह दिखा दिया है कि वह किसी भी लालच में आने वाले नहीं है।

विधानसभा उपचुनाव में मिली हार के बाद हासिये पर धकेल दी गई पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी एक बार फिर मुखर होकर अपने समर्थको को लामबंद कर सकती है। हाल ही में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीन दिन तक जयपुर में रहने के बावजूद वसुंधरा राजे ने उनसे एक बार भी मिलना उचित नहीं समझा। इससे लगता है कि उनके मन में आज भी मुख्यमंत्री नहीं बन पाने की टीस है। मंत्रिमंडल गठन में भी उनके समर्थक कई वरिष्ठ विधायकों की भी उपेक्षा की गई है।

हालांकि विधानसभा उपचुनाव में हारने के बाद मंत्री बनाए गए सुरेंद्र पाल सिंह टीटी का मंत्री पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान जिस तरह से घटनाक्रम चला है उसको देखकर तो यही लगता है कि भाजपा सरकार को अभी जमने में समय लगेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल सभी मंत्रियों को प्रदेश के अलग-अलग जिलों में भेज कर आमजन की समस्याओं का समाधान करवाना होगा। अब तक सरकार के मंत्री अधिकांशतः जयपुर स्थित सचिवालय में ही बैठते रहे हैं। मगर मुख्यमंत्री को इस परंपरा को बदलकर गांव के अंतिम छोर पर बसे गरीब की सुध लेने के लिए जमीनी स्तर पर काम करना होगा तभी लोगों को प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का एहसास होगा। मंत्रियों के फील्ड में रहने से आमजन की समस्याओं का भी तेजी से समाधान होगा इसके साथ ही सरकारी ब्यूरोक्रेसी भी सक्रिय होकर काम करेगी।

राजनीति में हार जीत होती रहती है और एक उपचुनाव की हार से सरकार को निराश होने की जरूरत नहीं है। जब सरकार संवेदनशीलता से काम करेगी तो प्रदेश की जनता के दिलों पर राज भी करेगी। मंत्रिमंडल में अभी 6 पद रिक्त है। जिन पर भी मंत्रियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। जिससे सरकार और अधिक बड़े स्वरूप में काम कर सके। आगामी लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार की बड़ी परीक्षा होगी। उसमें वह कितना सफल होते हैं। इस पर उनकी सरकार का भविष्य टिका है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# राहुल का ही चेहरा है भाजपा के आगे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। यह उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा। इसे लेकर सवाल उठेगा कि जिस समय पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी उस समय राहुल एक नई यात्रा पर निकलेंगे। राहुल की यात्रा को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से ध्यान भटकाने साजिश करार दिया जाएगा। लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से भाजपा इस मसले पर चुप रही है। छोटे-छोटे नेताओं या प्रवक्ताओं ने इस पर बयान दिया लेकिन बड़े नेता चुप रहे है और आईटी सेल ने भी इसका मुद्दा नहीं बनाया।

इसका मतलब है कि भाजपा अभी राममंदिर के आयोजन से ध्यान नहीं भटकाना चाहती है। उसे पता है कि अगर वह राहुल की यात्रा को लेकर हमला करेगी और इस मसले पर कांग्रेस से उलझेगी तो फोकस राममंदिर से राहुल की यात्रा पर शिफ्ट हो जाएगा। अभी भाजपा को सारे संसाधन और सारी ताकत अयोध्या के कार्यक्रम पर लगानी है। पहले 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और उसके बाद 25 जनवरी से देश भर में अयोध्या चलो का अभियान छेड़ा जाएगा। भाजपा देश भर के रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। इसके बीच राहुल की यात्रा की मीडिया कवरेज के लिए कांग्रेस को बहुत प्रयास करना होगा। अगर भाजपा यात्रा पर हमला करती है तो मजबूरी में मीडिया को उसे स्पेस देना होगा और फिर राहुल की यात्रा अपने आप खबरों में आएगी। इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल ने चुनावी साल में और भाजपा के सबसे बड़े आयोजन से ऐन पहले यात्रा का ऐलान करके भाजपा को कैच-22 सिचुएशन में डाल दिया है।

ध्यान रहे भाजपा के नेता सचमुच यह मानते रहे हैं कि राहुल गांधी जब तक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता रहेंगे और विपक्ष के सबसे मुख्य चेहरे के तौर पर चुनाव लड़ते रहेंगे तब तक भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई बहुत आसान रहेगी। अनेक पत्रकार और स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं और तंज करते हुए लिखते-बोलते रहे हैं कि भाजपा के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं। यह दावा किया जाता है कि वे जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां भाजपा जीतती है और उनकी बातों से भाजपा को फायदा होता है। मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचार के जरिए इस धारणा को बहुत मजबूती से स्थापित किया गया है। इसके लिए राहुल के फर्जी वीडियो और गढ़े गए बयानों आदि का इस्तेमाल किया



गया। भाजपा ने राहुल को 'पप्पू' साबित करने पर अधिकतम समय, श्रम और साधन खर्च किया। भाजपा को निश्चित रूप से इसका फायदा मिला लेकिन जिस तरह से हर दवा की एक्सपायरी डेट होती है वैसे ही हर प्रचार या रणनीति की भी एक्सपायरी डेट होती है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को अब लगने लगा है कि राहुल के लिए जो रणनीति अपनाई गई थी उसका अधिकतम फायदा लिया जा चुका और अब उस रणनीति से राहुल से मुकाबला आसान नहीं होगा। तभी अब राहुल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान की दिशा बदल रही है। एक समय था, जब राहुल से लड़ना बहुत आसान था क्योंकि ज्यादातर युवा और देश की बड़ी आबादी उनको गंभीरता से नहीं लेती थी। लेकिन धीरे धीरे स्थितियां बदलती गई और भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल को गंभीरता से लिया जाने लगा। तभी पिछले एक साल में कई बार भाजपा नेताओं के ऐसे बयान सुनने को मिले कि राहुल गांधी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो देश में क्या हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई जगह अपने भाषणों में कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो तो देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। सोचें, जब राहुल गांधी के रहने से भाजपा को फायदा होता है, वे भाजपा के स्टार प्रचारक हैं,जहां भाषण देते हैं वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित करते है तो उनके होते कांग्रेस कैसे सकती है और वे कैसे प्रधानमंत्री बन सकते हैं? भाजपा के नेता अगर राहुल के प्रधानमंत्री बनने का भय जनता को दिखा रहे हैं तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भाजपा नेताओं के मन में राहुल को लेकर चिंता पैदा हो रही है। उनको लग रहा है कि राहुल चुनौती बन रहे हैं। भाजपा ने उनको गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मान लिया है।

यही कारण है कि राहुल पर अब गंभीर राजनीतिक हमले हो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा ने जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाया वह इस बात का संकेत है कि राहुल अब गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। उनके बारे में पहले यह प्रचारित किया गया कि तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद राहुल विदेश दौरे पर चले गए। हालांकि यह बात गलत साबित हुई। उसके बाद भाजपा ने संसद में पैदा हुए गतिरोध का ठीकरा राहुल के ऊपर फोड़ा। जबकि हकीकत यह है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगी थी। चार लोग संसद परिसर में घुस गए थे, जिनमें से दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा के अंदर कूद गए और सदन में धुआं फैला दिया। विपक्ष तो इस मसले पर सिर्फ केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहा था, लेकिन गृह मंत्री को सदन में बयान नहीं देना था। इस वजह से गतिरोध पैदा हुआ और 146 सांसद निलंबित किए गए। तब भाजपा और केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि संसद में राहुल के इशारे पर हंगामा हुआ है और गतिरोध पैदा हुआ है।

सोचें, भाजपा कह रही है कि राहुल के इशारे पर समूचा विपक्ष एकजुट हुआ और संसद नहीं चलने दी! संसद में घुसपैठ के मसले पर राहुल ने कहा कि संसद की घटना देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के कारण हुई है। इस पर भाजपा ने कहा कि राहुल संसद में हुई घटना का समर्थन कर रहे हैं। इसके बाद संसद परिसर मे तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी तो उसकी बजाय भाजपा ने इस बात का मुद्दा बनाया कि राहुल गांधी उनकी मिमिक्री की वीडियो बना रहे थे। इसे लेकर भाजपा ने देश भर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कल्याण बनर्जी की बजाय राहुल गांधी का पुतला जलाया।

जाहिर है कि एक गंभीर राजनीतिक मामले में भाजपा के निशाने पर विपक्ष के दूसरे नेता नहीं थे, बल्कि राहुल गांधी थे। यह राहुल गांधी की बढ़ती हैसियत का संकेत है। अब वे भारत न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। पूरब से पश्चिम की उनकी यह यात्रा उनकी छवि को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करेगी और उनके बारे में बन रही गंभीर राजनेता की धारणा को मजबूती देगी। लोकसभा चुनाव से पहले इससे कोई चमत्कार हो जाएगा इसका अंदाजा तो कांग्रेस को भी नहीं है लेकिन यह जरूर है कि राहुल को लेकर भाजपा की गंभीरता बढ़ेगी। विपक्षी पार्टियां राहुल को अपना नेता मानने को तैयार नहीं हैं लेकिन भाजपा उनको विपक्ष का नेता बना रही है। हो सकता है कि भाजपा को इसका फायदा हो लेकिन साथ ही राहुल गांधी को भी फायदा होगा। ध्यान रहे लोकतंत्र में नेता हमेशा सिर्फ अपने प्रयासों से नहीं बनते हैं कई बार विपक्ष के निरंतर हमलों से भी बनते हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

# आचार्य दिग्विजय सिंह को सम्मानित किया गया



**जमशेदपुर/कोलकात्ता, 10 जनवरी 2024।** ऑल इंडिया मीडिया फाउंडेशन के वार्षिक सम्मेलन एवम ह्यूमन राइट्स संस्था द्वय के कार्यक्रम में आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर को छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव 2023 का स्टीक विश्लेषण करने हेतु संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आल इंडिया मीडिया फाउंडेशन को केंदीय पंजीकृत संस्था का गौरव प्राप्त है। संस्था का कार्य क्षेत्र व्यापक है, समाचारों की रिपोटिंग प्रिंट एवम ई न्यूज' वाटसअप,फेसबुक, ट्विटर की सेवाओं के साथ सामाजिक और मानवाधिकारों के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका विगत वर्षों से निभा रही है, तेरह राज्यों में अपनी सेवाएं देने वाली संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मन मोहन प्रसाद, राष्ट्रीय सचिव रिजवान रशीद सिद्धिकी, तपन मथई एडवोकेट हाइकोर्ट, अशोक आसोपा, अशोक सिंह, बहन शर्मिष्ठा जैसी भग्नी बंधुओं ने अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया।

# मालदीव ने नासमझी की है या होशियारी दिखाई है...उसको बड़ा नुकसान होना तय

नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये,चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफ से भी ऐतराज जताया गया। भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफ है कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान



पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्रायः भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है। इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरे पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की और वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में यदि लक्षद्वीप जैसे भारत के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा।

**-ललित गर्ग-**

## हसदेव बचाव




जंगल कटत हसदेव के,
दुख आज अड़बड़ होत हे।
सरकार ऑखी मूंद के,
का बेच घोड़ा सोत हे।।
छत्तीसगढ़ हा स्वर्ग कस,
हे राज्य भारत देश के।
एला उजाड़व झन मनुज ,
पालन करव संदेश के।।
जाही कहाँ सब जानवर,
ए बात ला तो सोच लव।
अपने करम ला हाथ मा,
अतलंग कर मत नोच दव।।
आही सबो भटकत अगर,
जब जानवर मन गॉव मा।
तब भागहू कति बॉच के,
जब जाने लगही दॉव मा।।
झन स्वार्थ मा ॲंधरा बनव,
सब ला जियन दव शान ले।
सब जानवर के घर हरय,
जंगल मनुज ये माने ले।।
नादान के विनती हवय,
शासन घलो अब लेव सुध।
भगवान अरजी मोर हे,
अब तो मनुज ला आय बुध।।



**तुषार शर्मा नादान**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## फिर से तुझे पढ़ना होगा

सच करना है सपना अगर
तुझे नींद से जगना होगा
राह बहुत मुश्किल है मगर
फिर से तुझे पढना होगा।
पाना है लक्ष्य को अगर
आलस्य को छोड़ना होगा
जीवन मे कुछ बनना है अगर
फिर से तुझे पढना होगा।
आज हार गए है अगर
कोशिश तुझे करना होगा
कल जीत तेरी होगी मगर
फिर से तुझे पढ़ना होगा।
कठिन चुनौतियां हैं मगर
इन चुनौतियों से लड़ना होगा
सफल इंसान बनना है अगर
फिर से तुझे पढ़ना होगा।
बहुत मुश्किल है यदि डगर
निरंतर तुझे चलना होगा
सपने क़ो सच करना है अगर
फिर से तुझे पढ़ना होगा।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## जीवन की व्यथा

बिल्कुल ज़मीन पर
वो गायें
घास चरने से
जाने भी दो....
धागे पर उड़ती पतंग
पूँछ में फैलने की सोच रहा हूँ
आसमान की ओर देख रहे हैं
मुस्कराते हुए
जाने भी दो....
पश्चिम में गायब हो जाओ
शाम का सूरज
तुम पूर्व दिशा में उदय हो
मुझे लगता है
दीवार से पोस्टर
फाड़ना
गधों को खाना
भूख शांत हो जाये
कुछ इस तरह
फिर भी
ऐसा कुछ नहीं है।
भले ही नहीं
इनमें से कोई नहीं
हकीकत में सपने
वास्तविक जीवन
का दुःख...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार,**
चेन्नई,
तमिलनाडु

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# दबाव में खोल दिया अस्पताल का बंद प्रवेश द्वार,अव्यवस्था के कारण बढ़ी परेशानी

» अस्पताल परिसर के अंदरूनी सड़क का आम रास्ता की तरह उपयोग,भट्ठापारा जाने का रास्ता हुआ आसान...



- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल की अंदरूनी सड़क को आम रास्ता के रूप में उपयोग में लाए जाने से आए दिन खतरे की स्थिति बनी रहती है। इधर अस्पताल परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार को खोल देने से इनके आने-जाने का रास्ता और आसान हो गया है। अस्पताल परिसर के अंदर मरीजों की भीड़ के बीच रोजाना भट्ठापारा की ओर से दोपहिया चालक फर्राटा भरते पहुंचते हैं। अस्पताल प्रबंधन इस मार्ग से आवाजाही रोकने के उद्देश्य से मलबा का ढेर जमा कर रहा था, इसे हटवा दिया गया। इसके बाद अस्पताल परिसर के अंदर से भट्ठापारा आने-जाने का मार्ग आबाद हो गया है। तेज रफ्तार में आने वाले दोपहिया चालकों के कारण कभी भी बड़ी घटना हो सकती है, इसे देखते हुए मुख्य अस्पताल परिसर के प्रथम प्रवेश द्वार को बंद रखने सहित इस मार्ग को बंद करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

बताया जा रहा है कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला अस्पताल में पहली बार औचक भ्रमण व निरीक्षण करने सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के विधायक एक साथ पहुंचे थे। इस दौरान इनके साथ पहुंचे भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर के बंद रहने वाले प्रथम प्रवेश द्वार को खोलने की बात कही थी। हालांकि विधायकों ने गेट खोलने को लेकर किसी प्रकार की टिप्पणी नहीं की थी। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने इस प्रवेश द्वार को खोल दिया था। देखा जाए तो इस प्रवेश द्वार को खोलने का कोई औचित्य नहीं है। इस प्रवेश द्वार के खुलने से अस्पताल परिसर के अंदर की व्यवस्था बिगड़ती जा रही है, वहीं वाहनों की चोरी का खतरा भी बढ़ गया है। पूर्व में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इस प्रवेश द्वार को बंद रखा जा रहा था। अचानक इस गेट के खुलने से आम रास्ते के रूप में अस्पताल के अंदरूनी सड़क का उपयोग बढ़ गया है। दोपहिया के साथ ही चार पहिया वाहन भी अस्पताल के दूसरे और तीसरे नंबर के गेट का उपयोग करने के बजाए इस गेट से प्रवेश कर जाते हैं, जिससे अस्पताल के अंदर लैब में टेस्ट के लिए आने वाले व दवा लेने के लिए काउंटर की ओर जाने वाले लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ को वाहन निकालने ताकत झोंकनी पड़ती है। मरीजों को लाने-ले जाने में सहूलियत की दृष्टि से देखें तो अस्पताल में प्रवेश व निर्गम के लिए गेट नंबर दो और तीन काफी सुविधाजनक है। दोनों प्रमुख प्रवेश द्वार से अस्पताल के ओपीडी, पर्ची काउंटर, आपातकालीन चिकित्सा परिसर, सिटी स्कैन, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, ट्रामा सेंटर, सोनोग्राफी, एक्स-रे कक्ष, नेत्र अस्पताल, टीबी अस्पताल तक आना-जाना आसान है। मरीजों के लिए भटकाव की स्थिति भी नहीं बनती है।

### दवा काउंटर व हमर लैब में रहती है भीड़

अस्पताल के अंदर की जिस सड़क से भट्ठापारा की ओर लोग आना-जाना कर रहे हैं, इसी सड़क मार्ग के किनारे दवा वितरण का काउंटर व हमर लैब है। दोनों ही विभाग अस्पताल की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जहां मरीजों की भीड़ लगी रहती है। दवा वितरण कक्ष की कतार कभी-कभी इतनी लंबी हो जाती है कि हमर लैब तक महिला-पुरूष दवा लेने कतारबद्ध नजर आते हैं। इन हालातों के बीच भट्ठापारा की ओर आने-जाने वाले वाहन चालकों का पहुंचना और इन्हें आने-जाने के लिए अपना जगह छोड़कर हटना मरीजों को खलता है। इसके अलावा वायरोलॉजी लैब, चर्म रोग विभाग जाने के लिए भी इसी सड़क से आना-जाना होता है। मेडिकल कॉलेज के छात्र लेक्चर हॉल की ओर भी इस मार्ग से आना-जाना करते हैं।

*मेडिकल कॉलेज के नार्म्स के अनुसार अस्पताल परिसर में एंट्री के लिए एक गेट का प्रावधान है। इससे चोरी की संभावना कम रहती है, वहीं अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनती है। आप लोगों की ओर से अस्पताल परिसर की सड़क का आम रास्ते की तरह उपयोग करने को संज्ञान में लाया गया है, ऐसी स्थिति न बने इसके लिए आवश्यक पहल करेंगे।*

**डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल**

# ढोंढागांव के जंगलों में डटा नौ सदस्यीय जंगली हाथियों का दल

## आलू समेत रहर की फसल को हाथी कर रहे चौपट

- संवाददाता -
सीतापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

विगत पखवाड़े भर से जंगली हाथियों का नौ सदस्यीय दल जंगलों में डेरा जमाए हुए है। इस दौरान हाथियों का दल घूम-घूम कर जंगल से सटे गांव में लगे फसलों को तबाह कर रहा है। जंगली हाथी अब तक खेतो में लगे आलू एवं रहर के फसलों को काफी नुकसान पहुँचा चुके है। हाथियों की निगरानी में लगा वन विभाग लोगो को जंगली हाथियों से दूर रहने की सलाह दे रहा है। ताकि जानमाल के नुकसान से लोगो को बचाया जा सके। जंगल मे हाथियों की मौजूदगी से आसपास के गांवों के लोगो की नींद हराम हो गई है। हाथियों के डर से लोग रतजगा करने को मजबूर है।



विदित हो कि विगत पखवाड़े भर से ग्राम ढोंढागांव के जंगलों में जंगली हाथियों का दल डेरा जमाए हुए हैं। इस दल में दो शावक एवं एक दंतैल समेत नर मादा हाथी मिलाकर कुल नौ सदस्य है। जो जंगल के आसपास के गांवों में घूम घूमकर फसलों को नुकसान पहुँचा रहे है। हाथियों के दल ने खेतों में लगे आलू की फसल समेत रहर की खेती को तबाह कर दिया है।पखवाड़े भर के अंदर जंगली हाथियों ने वंशीपुर, ठेठेटाँगर, राताखाँड़, बोड़ाझरिया समेत अन्य गांवों में फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इनके डर से गांव के लोगो की रातों की नींद हराम हो गई है। जंगल से सटे गांव के लोग हाथियों के डर से सुरक्षित ठिकानों पर पलायन करने लगे हैं। वन विभाग भी जंगल मे डटे हाथियों पर अपनी नजर जमाए हुए है। वन विभाग का मैदानी अमला लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है।ताकि लोगो को जंगली हाथियों के हमलों से बचाया जा सके। इस संबंध में वन विभाग सूचना के जरिये लोगो को जंगलों में जाने से बचने की सलाह दे रही है। लोगो को हाथी से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी दी जा रही है। ताकि जानमाल के नुकसान से बचा जा सके। इस संबंध में वनपरिक्षेत्राधिकारी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि वन विभाग का मैदानी अमला जंगल मे हाथियों को लेकर सतर्क है। लगातार उनपर निगरानी रखी जा रही है। लोगो को भी हाथियों से दूर रहने के निर्देश दिए गए है।उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा नुकसान पहुँचाये गए फसलों का आंकलन किया जा रहा है। जिसके बाद प्रभावितों को नुकसान फसल का मुआवजा दिया जाएगा।

# रामलला के दर्शन करने अयोध्या जा रही तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी,मची-चीख पुकार,15 घायल

» अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर वाड्रफनगर से पूर्व खरहरा नाले के पास हुआ हादसा,घायलों को वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया भर्ती



- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके लिए देशभर से राम भक्त रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी बीच मंगलवार की रात दुर्ग से रामभक्तों को लेकर टूर एंड ट्रैवल्स की एक बस अयोध्या जा रही थी। बुधवार की सुबह अंबिकापुर-बनारस मार्ग वाड्रफनगर के पास एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंगलम टूर एंड ट्रैवल्स की बस मंगलवार की रात दुर्ग से 42 रामभक्तों को लेकर अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने जा रही थी। बुधवार की सुबह बस अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर वाड्रफनगर से पहले खरहरा नाला मोड़ पर पहुंची थी।

इसी दौरान ड्राइवर ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खेत में पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों के बीच चीख-पुकार मच गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए।

सभी घायलों को अन्य तीर्थयात्रियों व राहगीरों की मदद से वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां उनका इलाज जारी है।

### सुबह था घना कोहरा

वाड्रफनगर क्षेत्र में सुबह घना कोहरा छाया हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि कोहरे की वजह से मोड़ पर ड्राइवर को सडक़ का अंदाजा नहीं लग पाया और बस अनियंत्रित हो गई होगी।

# अंबिकापुर की राइस मिल में चल रहा था गड़बड़ घोटाला, मौके पर पहुंचे अधिकारी तो ताला मार फरार हुआ मालिक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर में एक राइस मिल में अवैध तरीके से धान की खरीदी और बिक्री हो रही थी। राइस मिल को प्रशासन ने सील कर दिया है. वहीं पिकअप से 60 बोरी अवैध धान को जब्त किया है। अंबिकापुर की राइस मिल में चल रहा था गड़बड़ घोटाला, मौके पर पहुंचे अधिकारी तो ताला मार फरार हुए मालिक।

उल्लेखनीय है कि धान का सीजन आते ही राइस मीलर,धान खरीदी समिति प्रबंधक, खाद्य विभाग और कृषि उपज मंडी के अधिकारी कर्मचारियों की लॉटरी लग जाती है।. ऐसा इसलिए क्योंकि अधिकारियों की सांठ-गांठ की बदौलत राइस मिल धान और चावल की जमकर अफरा-तफरी करते हैं। जिससे सरकार को हर साल करोड़ों का चूना लगता है।. ऐसा ही एक मामला सरगुजा संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में सामने आया है। जहां एक राइस मिल में अवैध तरीके से धान की खरीदी बिक्री हो रही थी। इस राइस मिल को प्रशासन ने फिलहाल सील कर दिया है।



संभाग मुख्यालय अंबिकापुर से लगे भिट्ठी कला गांव में संचालित मां शीतला राइस मिल को मगंलवार देर रात जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार ने सील कर दिया। दरअसल,इस मिल पर अवैध तरीके से धान खपाने की खबर मिल ने के बाद इलाके की मणिपुर चौकी पुलिस ने यूपी नंबर की एक पिकअप का पीछा किया.। जो अवैध रूप से धान को शीतला राइस मिल में खपाने पहुंचा था। जिसके बाद पुलिस को देखकर पिकअप ड्राइवर वाहन छोड़कर मौके से भाग गया और फिर इसकी सूचना कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान के माध्यम से खाद्य विभाग तक पहुंची।

### राइस मिल को लॉक कर फरार हो गए मालिक

जब तक खाद्य विभाग के अधिकारी और कृषि उपज मंडी के अधिकारी मौके पर पहुंचे तब तक राइस मिल के दोनों मालिक और कर्मचारी मिल को दोनों तरफ से लॉक करके गायब हो चुके थे। सीएसपी स्मृतिक राजनाला और मणिपुर प्रभारी ने राइस मिल के दूसरी तरफ के रास्ते से जाकर मिल के मुंशी को धर दबोचा और उससे मिल का ताला खुलवाया। तब जाकर खाद्य और मंडी के अधिकारी अंदर पहुंचे।. खाद्य विभाग से सहायक खाद्य निरीक्षक ने फोन कर राइस मिल के मालिकों को वहां आने के लिए कहा, लेकिन 4 घंटे बीत जाने के बाद भी जब राइस मिल के मालिक नहीं पहुंचे तो खाद्य अधिकारी ने राइस मिल में अवैध धान खपाने पहुंची पिकअप से 60 बोरी अवैध धान को जब्त कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### राइस मिल को किया गया सील

राइस मिल संचालकों के वहां नहीं पहुंचने और मिल के अंदर अवैध तरीके से धान खपाने और भौतिक सत्यापन के लिए मिल के स्टॉक रजिस्टर नहीं मिल ने पर तहसीलदार ने राइस मिल को सील कर दिया। तहसीलदार ने कहा कि शीतला राइस मिल को लेकर उन्हें सूचना मिल ी थी कि यहां अवैध रूप से धान लाई जा रही है। यहां मौके पर पहुंचे तो अवैध रूप से लाई गई धान की पिकअप की पकड़ी गई। जिसको पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है। जब मिल के मालिक आएंगे उनके सामने मिल को खोलकर उसका भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

# घर में घुसकर लाठी, डंडे व तलवार से हमला,2 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



शहर से लगे ग्राम तकिया में मंगलवार की रात बच्चों की लड़ाई में बड़ों के बीच विवाद हो गया। आधा दर्जन से अधिक लोगों ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर तोडफ़ोड़, गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडे, तलवार व राड से हमला दिया। हमले में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। पीड़ित की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार की है।

तकिया निवासी सतीश यादव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि मेरा चचेरा भाई विक्रम यादव मंगलवार की शाम को मोहल्ले में एक दुकान के पास खड़ा था। वहीं पर दो से तीन युवकों इसके साथ विवाद किया था। स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। कुछ देर बाद मोहल्ले के ही सतीश यादव 5 से 6 लोगों के साथ विक्रम के घर पहुंचा और गौली गलौज करते हुए तोडफ़ोड़ करने लगे। तभी घर के अंदर से विक्रम का पिता कमलेश्वर यादव बाहर निकाला और गाली गलौज करने से मना करने पर हॉकी स्टिक से मारपीट करने लगे। कमलेश्वर किसी तरह बच कर घर के अंदर घुसा। इसके बाद भी बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर तोड़-फोड़, गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे , तलवार व चाकू से परिवार के सदस्यों पर हमला किया है। घायलों में प्रिंस यादव, संतोष यादव, फांसू यादव, कमलेश्वर यादव फैजान खान शामिल है। सूरज यादव के रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सतीश यादव, मजहरर खान,जिम्मी,आदित्य यादव,चंदर यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सतीश यादव उम्र 33 वर्ष व चंदर यादव उम्र 40 वर्ष पिता स्व.मदन यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ धारा 294, 506, 323, 452, 147, 148 व 307 एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कार्रवाई पूर्ण कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस कोतवाली से आरोपियों को घड़ी चौक तक गाड़ी से लाई। इसके बाद आरोपियों की जुलूस निकाल कर घड़ी चौक से न्यायालय तक ले गई। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय, आरक्षक रमन मण्डल, अमित राजवाड़े, शिव राजवाड़े, चंचलेश सोनवानी शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री के निज सहायक बने रमेश सिंह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन ने मंत्रियों के निज सचिव, निज सहायक और ओएसडी की नियुक्ति की है।



सहायक ग्रेड-3 रमेश कुमार सिंह की सेवाएं उनके पैतृक विभाग से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की निजी स्थापना में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ किया गया है। अपर कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय को श्याम बिहारी जायसवाल की निजी स्थापना में विशेष सहायक के पद पर पदस्थ किया गया है।

इसके अलावा डिप्टी कलेक्टर बालोद संजय कुमार मरकाम को श्याम बिहारी जायसवाल की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है।

बताते चलें कि रमेश सिंह पूर्व भाजपा शासन काल में एक वरिष्ठ मंत्री के निज सहायक का कार्यभार संभाल चुके हैं।

# एसपी ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक,दिया कई निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले की कानून व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से एसपी सुनील शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में राजपत्रित पुलिस अधिकारियों समेत थाना, चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान एसपी ने कहा है कि जिले में आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई करें। आमनागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने, महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। संवेदनशील प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने की समझाइश दी गई। बैठक के दौरान थाना, चौकी प्रभारियों से अवैध मादक पदार्थों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अवैध महुआ शराब, एनडीपीएस एक्ट के आदतन अपराधियों पर नजर रखकर कार्रवाई के साथ-साथ अवैध शराब के कोचियों पर सख्ती के साथ कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए। नशे के विरुद्ध प्रतिदिन कार्रवाई करने के सम्बन्ध में राजपत्रित अधिकारियों के देख-रेख में अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान शहर में तेज गति से वाहन चलाने वाले बाइकर्स एवं अवैध अमानक साइलेंसर का उपयोग कर आमनागरिकों को परेशान करने वाले चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश थाना व चौकी प्रभारियों को दिए गए हैं। वहीं नाबालिग वाहन चालकों को उपरोक्त गतिविधियों में शामिल होना पाए जाने पर परिजनों की उपस्तिथि में कड़ी समझाइश देकर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# बलरामपुर जिला अस्पताल में डीएमएफ का दुरुपयोग,घर बैठे डॉक्टर को दी जा रही सैलरी

**बलरामपुर जिला अस्पताल में डीएमएफ का दुरुपयोग**

- संवाददाता -
बलरामपुर, 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिला अस्पताल में मरीजों के साथ खिलवाड़ हो रहा है। अस्पताल की लीला ऐसी है कि कोई डॉक्टर दो मदों से पैसा ले रहा है.तो किसी को बिना अस्पताल आए ही महीनों से लाखों में सैलरी दी जा रही है जबकि अस्पताल में कई डॉक्टरों के पद खाली हैं।

बलरामपुर जिला अस्पताल में डीएमएफ का दुरुपयोग बलरामपुर जिला अस्पताल में खनिज न्यास मद के दुरूपयोग का मामला सामने आया है. जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की संविदा नियुक्ति की गई है। जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के तौर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत तैनात डॉ कृष्णा चैतन्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पदस्थापना के बाद से सैलरी मिल रही है. साथ ही खनिज न्यास मद से भी अलग से सैलरी का भुगतान किया जा रहा है। आरोप ये भी है कि जिला अस्पताल में खनिज न्यास मद से नियुक्त किए गए पैथोलॉजिस्ट डॉ सौरभ गोयल कभी जिला अस्पताल नहीं आते। गोयल अंबिकापुर में अपना निजी ब्लड बैंक और पैथोलैब संचालित कर रहे हैं.बावजूद इसके सौरभ गोयल को हर माह लाखों रुपए सैलरी दी जा रही है.जो कहीं ना कहीं अस्पताल के सिस्टम को बयां करने के लिए काफी है।




### डीएमएफ से भी सैलरी का भुगतान

आपको बता दें कि बलरामपुर जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरतजरूरत को देखते हुए डॉक्टरों की नियुक्ति की गई थी. बाद में खनिज न्यास मद से भी उन्हें सैलरी दी जाने लगी। जबकि आज भी कई विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है। वहीं एनेस्थीसिया और पैथोलॉजिस्ट को खनिज न्यास मद से सैलरी का भुगतान किया जा रहा है।

डबल सैलरी नहीं मिल रहा है।जो जिला प्रशासन की ओर से मद रखा गया है उससे राशि दी जा रही है.वहीं सैलरी अलग से मिल रही है. डॉ रामेश्वर शर्मा, सिविल सर्जन

### विशेषज्ञ डॉक्टर को डबल सैलरी

जिला अस्पताल में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ रूपक कुमार रेगुलर डॉक्टर के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं. जबकि पैथोलॉजिस्ट विभाग में डॉ मोनिरा हसन को बॉन्ड पर नियुक्ति मिली है. एनेस्थीसिया और पैथोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सकों के रहते हुए इन दोनों विभागों में खनिज न्यास मद से विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किया गया है।

जिला अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ सौरभ गोयल कभी अस्पताल आते हैं या नहीं ये सिविल सर्जन अच्छे से बता पाएंगे।. एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ कृष्णा चैतन्य को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और खनिज न्यास दो मदों से सैलरी मिल रही है। डॉ प्रेमचंद बनरजी बलरामपुर जिला अस्पताल का मैनेजमेंट कैसा है आपको अब तक ये पता चल गया होगा. वरिष्ठ अधिकारियों को भी पता है कि कोई डॉक्टर महीनों से अस्पताल नहीं आ रहा और उसे सैलरी दी जा रही है। ऐसे में यदि लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी अस्पतालों में कौन भरोसा करेगा।

# हिंद महासागर में कैरियर स्ट्राइक ग्रूप तैनात करेगा ब्रिटेन,रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कही ये बात




**लंदन, 10 जनवरी 2024।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने बुधवार को घोषणा की कि हिंद महासागर क्षेत्र में इस साल के अंत में अपने लिटोरल रिस्पॉन्स ग्रूप को भेजने की योजना है। इसके अलावा, कैरियर स्ट्राइक ग्रूप के 2025 में हिंद महासागर के दौरे पर जाने की भी योजना है। ये दोनों भारतीय बलों के साथ काम करेंगे और प्रशिक्षण लेंगे।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दो दिवसीय ब्रिटेन यात्रा के दौरान आज दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। यह 20 से अधिक वर्षो में किसी भारतीय रक्षामंत्री की पहली ब्रिटेन यात्रा है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, रक्षामंत्री ग्रांट शाप्स ने अपने समकक्ष राजनाथ सिंह का देश में स्वागत किया। दोनों नेताओं ने संयुक्त अभ्यास से लेकर ज्ञान साझा करने और प्रशिक्षकों के आदान-प्रदान और रक्षा क्षेत्र में भविष्य के सहयोग पर भी चर्चा की। इसमें आगे कहा गया, ये कदम 2021 में घोषित 2030 भारत-ब्रिटेन रोडमैप में परिकल्पित व्यापक रणनीतिक साझेदारी पर आधारित हैं।

ग्रांट शाप्स ने कहा, भारत और ब्रिटेन की सेना आने वाले वर्षों में और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे, जो 2030 के ऐतिहासिक संयुक्त अभ्यास की आधारशिला रखेंगे।उन्होंने आगे कहा, इसमें कोई शक नहीं है कि दुनिया में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। इसलिए, यह जरूरी है कि हम भारत जैसे प्रमुख साझेदारों के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाना जारी रखें। हम मिलकर एक जैसी चुनौतियों का सामना करते हैं और हम एक स्वतंत्र और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने के लिए दृढ़ प्रतिबद्ध हैं। शाप्स ने कहा, यह सबंध मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमें उन खतरों और चुनौतियों को देखते हुए वैश्विक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, जो हमें अस्थिर करना चाहते हैं और नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी में औद्योगिक क्षेत्र में सहयोग भी महत्वपूर्ण है और दोनों देश विद्युत प्रणोदन प्रणालियों पर एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह भविष्य में हमारे बेड़े को शक्ति प्रदान करेंगे और जटिल हथियारों के विकास में सहयोग करेंगे। वहीं, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन दोनों मजबूत रणनीतिक संबंध चाहते हैं और इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भारत और ब्रिटेन दोनों मजबूत रणनीतिक संबंध चाहते हैं। हम व्यापक रणनीतिक संबंधों को मजबूत करना चाहते हैं।

इससे पहले मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर का दौरा किया। यह यूरोप का पहला प्रामाणिक और पारंपरिक रूप से निर्मित हिंदू मंदिर है। सूत्रों के अनुसार राजनाथ सिंह ने मंदिर में पूजा की।

# भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सुप्रीम कोर्ट के जज ने दिया इस्तीफा,राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को लिखा पत्र




**इस्लामाबाद,10 जनवरी 2024।** भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। एक दिन हले शीर्ष अदालत की अनुशासन समिति ने कदाचार के लिए उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को एक पत्र लिखकर न्यायमूर्ति सैयद मजहर अली अकबर ने अपना इस्तीफा दे दिया। इसमें उन्होंने कहा कि वह जिस तरह के आरोप उनके खिलाफ लगाए गए और जिस तरह से उनके साथ व्यवहार किया गया, उनके बीच वह अपने कर्तव्यों को आगे नहीं बढ़ा सकते।

### न्यायाधीश के रूप में काम जारी रखना संभव नहीं

उन्होंने कहा, पहले लाहौर उच्च न्यायालय और फिर पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होना और सेवा देना सम्मान की बात थी। लेकिन, ऐसी परिस्थितियों में, जो सार्वजनिक जानकारी और कुछ हद तक सार्वजनिक रिकॉर्ड का मामला है, मेरे लिए पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम करना जारी रखना संभव नहीं है।

### एसजेसी ने कार्यवाही पर रोक लगाने से किया इनकार

उन्होंने कहा, उचित प्रक्रिया के विचार भी मजबूर करते हैं। इसलिए मैं आज पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देता हूं। मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीश नकवी के कथित कदाचार को लेकर सर्वोच्च न्यायिक परिषद (एसजेसी) में उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

### मेरे खिलाफ किया गया अपमानजनक व्यवहार

दिसंबर में मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा और शीर्ष अदालत के सभी न्यायाधीशों को लिखे एक पत्र में न्यायमूर्ति नकवी ने कहा था कि एसजेसी द्वारा उनके साथ किया गया व्यवहार अपमान से कम नहीं है। एसजेसी ने पिछले साल 27 अक्तूबर को न्यायमूर्ति नकवी को पीठ में हेरफेर और वित्तीय कदाचार का आरोप लगाने वाली विभिन्न शिकायतों के बीच कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

# संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने दिलाया भरोसा

### होगा संविदा कर्मचारियों के साथ न्याय

- संवाददाता -
सूरजपुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

आज सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत जमदेई में छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ सूरजपुर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से भेंट कर छत्तीसगढ़ के समस्त (राज्य एवं केंद्रीय योजनाओं में कार्यरत ) संविदा कर्मचारियों को नियमित करते हुए नौकरी सुरक्षा के भय एवं समस्याओं के संबंध में ज्ञापन देते हुए सर्वप्रथम उनको भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर बधाई देते हुए नियमितिकरण सहित अन्य मांगों से अवगत कराया गया। जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी का सकारात्मक जवाब आया उन्होंने ज्ञापन को पढ़कर कहा कि हमारी सरकार में आप सभी के साथ न्याय होगा।





आपको अवगत होगा कि छत्तीसगढ़ में 45000 संविदा कर्मचारी लम्बे समय से अपनी मांगो को लेकर संघर्षरत है। पिछली सरकार से निराश एवं हताश होने के फलस्वरुप वर्तमान सरकार से काफी उम्मीदे है। इस संबंध में दिनांक 09 जनवरी 2024 को छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ सूरजपुर के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी से सौजन्य भेंट कर अपनी समास्याओं एवं मांगों से अवगत कराया गया एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के सकारात्मक जवाब से सभी संविदा कर्मचारियों में उम्मीद एवं उत्साह की एक लहर जागृत हुई है कि जल्द से जल्द वर्तमान सरकार के द्वारा उनके पक्ष में निर्णायक पहल किया जावेगा।

जिसमें प्रमुख रूप से संविदा कर्मचारी संघ के जिला संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला संरक्षक मनीष सिन्हा (विशेष योगदान रहा), महिला जिला अध्यक्ष मिली रानी कर, जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता, मीडिया प्रभारी गणेश प्रसाद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृजलाल पटेल, कोषाध्यक्ष अनिल दास, उपाध्यक्ष अमित सिंह, अजय मिश्रा, अभिषेक सिंह, आकाश गुप्ता, मुकेश कुमार महतो, राजेश किण्डो, भुपेन्द्र बैरागी, श्रीमती गीता सिंह, श्रीमती बिसनी राजवाड़े, स्वर्ण मिंज, नगीना सिंह एवं समस्त संविदा अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच राष्ट्रपति जिनपिंग-मुइज्जू की मुलाकात,21 अहम करार पर हस्ताक्षर

**बीजिंग,10 जनवरी 2024।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीन दौरे पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बुधवार को दोनों की बैठक और बातचीत के बाद चीन और मालदीव ने 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक और सहकारी साझेदारी तक आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने के बीच कई अहम द्विपक्षीय मुद्दों पर बातें हुई हैं। दोनों की मुलाकात इसलिए भी अहम मानी जा रही हैं क्योंकि हाल के दिनों में मालदीव और भारत के रिश्तों में कड़वाहट घुल चुकी है। मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर पोस्ट में कहा, आज दोपहर मालदीव सरकार और चीन सरकार के बीच 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों राष्ट्रपति हस्ताक्षर समारोह के गवाह बने। चीनी राष्ट्रपति ने मालदीव के मेहमानों के सम्मान में एक राजकीय भोज का आयोजन किया। चीनी राष्ट्रपति शी और उनकी पत्नी पेंग लियुआन ने मुइज्जू और उनकी पत्नी साजिदा मोहम्मद का ग्रेट हॉल ऑफ पीपल में औपचारिक स्वागत किया। राष्ट्रपति बनने पर पहली बार चीन दौरे पर पहुंचे मुइज्जू का राजकीय स्वागत किया गया। मुइज्जू का रेड कारपेट पर स्वागत किया गया और 21 तोपों की सलामी दी गई।



# 9 दिवसीय शतचंडी महा यज्ञ 16 से,तैयारी पूर्ण



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शतचंडी महा यज्ञ को लेकर 9 जनवरी को विवेकानंद विद्या निकेतन में बैठक आयोजित की गई। बैठक दीपक कृष्ण शास्त्री की अध्यक्षता में हुई। जो कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से पधारे हैं। आयोजन के संबंध में चर्चा उपरांत यज्ञ स्थल शिवधारी कालोनी में निर्धारित किया गया। शतचंडी महायज्ञ में चित्रकूट एवं इलाहाबाद के विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार एवं प्रवचन भी किया जाएगा। यज्ञ 16 से 24 जनवरी तक होगा। इस बैठक में तन्मयनंदजी महाराज,रामकृष्ण, सुशीला गुप्ता, कृष्णा दुबे, शशिकांत सिंह,अजय तिवारी,यूसी सिंह,संदीप मिश्रा,अभय तिवारी,संतोष कुमार गुप्ता,शेष कुमार गुप्ता, बजरंग गुप्ता, धनंजय गुप्ता, राकेश कुमार केसरी, आनंद कुमार गुप्ता, गोवर्धन मिश्र, विद्याशंकर गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, नीरज सिंह, ओमप्रकाश त्रिपाठी, राकेश दुबे, चन्द्र भूषण पाण्डेय, धीरज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई,24 क्विंटल अवैध धान किया गया जप्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि खाद्य विभाग मण्डी एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा गत दिवस मंगलवार को भिट्ठीकला मां शीतला राईस मिल के सामने में एक सफेद बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक UP64AT9094 खड़ा पाया गया जिसकी संदिग्ध पाए जाने पर जांच की गई। जांच के समय वाहन चालक अथवा मालिक मौके पर उपस्थित नहीं पाये गये। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन में 60 बोरी धान जिसका वजन 24 क्विंटल अनुमानित पाया गया है। उक्त धान अवैध रूप से भरा पाया गया। जिसे कार्रवाई अनुरूप जप्त कर थाना मणिपुर, अम्बिकापुर के सुपुर्दगी में दिया गया।

# स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में यात्री बस ट्रक से टकराई,आधा दर्जन लोग घायल



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के रिंग रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप बुधवार की सुबह स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में बस सडक़ किनारे खड़े ट्रक में जाकर टकरा गई। बस करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। लगभग आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आई है। बताया जा रहा है कि बस अंबिकापुर से झारखंड गढ़वा जा रही थी।

बुधवार की सुबह सूरज यात्री बस प्रतिक्षा बस स्टैंड से सवारी को लेकर गढ़वा झारखंड जा रही थी। शहर के रिंग रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप पहुंची थी कि एक स्कूटी सवार सामने आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे खड़े ट्रक में जाकर टकरा गई। हादसे से यात्रियों के बीच कोहराम मच गया। बस में करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

# पीवीटीजी बहुल ग्राम अलगा और भकुरमा में पहुंचे कलेक्टर

» कैंप लगाकर लोगों के बनाए जा रहे आधार, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते खोलने के लिए भी बैंक में सखी मौजूद

» कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास एवं केदमा धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण







- संवाददाता -
अंबिकापुर, 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विलास भोस्कर बुधवार को उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलदगी के आश्रित ग्राम अलगा और ग्राम पंचायत भकुरमा पहुंचे। इन ग्रामों में निवासरत पीवीटीजी समुदाय को प्रधानमंत्री जनमन योजना से जोड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अलगा और भकूरमा में कैंप लगाकर पीवीटीजी लोगों के आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक में खाते भी खोले जा रहे हैं। कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव में योजनाओं के लाभ, राशन वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों में जाने सहित पेयजल उपलब्धता आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन स्वास्थ्य शिविर अवश्य लगाया जाए जिससे नियमित रूप से उन्हें स्वास्थ्य जांच आदि का लाभ मिलता रहे। दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को पंचायत मुख्यालय से गांव तक पीडीएस के तहत राशन सामग्री लाने में सुविधा के लिए सुविधा अनुरूप वाहन की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने लोगों से सीधे बात कर उनसे फीडबैक लिया और अधिकारियों को उनकी मदद और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने निर्देशित किया।

### कलेक्टर ने केदमा धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कलेक्टर भोस्कर ने उदयपुर विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले आदिम जाति धान खरीदी केंद्र का केदमा का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने धान तौलाई, धान के रख-रखाव और उठाव की जानकारी समिति प्रबंधक से ली। साथ ही कलेक्टर ने किसानों से मुलाकात कर सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने धान समिति प्रबंधक को शासन की ओर किसानों को मिलने वाली सुविधाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने लखनपुर विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास का भी निरीक्षण किया और बच्चियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने आवासीय परिसर में बालिकाओं को मिलने वाली सुविधाओं को निरीक्षण करते हुए परिसर में संचालित स्कूल की छात्राओं से सीधे बात की। कलेक्टर को अपने बीच देखकर छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। स्कूल की छात्राओं ने कलेक्टर से सिविल सर्विस की तैयारी को लेकर सवाल किया, जिस पर कलेक्टर ने बड़े ही सहज भाव से स्कूल की बालिकाओं को अपना अनुभव बताया।

CMYK

# क्या कोरबा लोकसभा से अमित जोगी भी हो सकते हैं भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार ?

# भाजपा में कोरबा से बढ़ते उम्मीदवारों की संख्या कि भाजपा के लिए मुसीबत तो नहीं ?

**कांग्रेस से सिर्फ एक दावेदार पर भाजपा से कई दावेदार**

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हुई जोगी कांग्रेस प्रमुख अमित जोगी की मुलाकात**

**चर्चा का बाजार गर्म मरवाही क्षेत्र को माना जाता है जोगी का गढ़**

**कोरबा लोकसभा में शामिल है मरवाही विधानसभा,यहां से इस बार भाजपा समर्थित प्रणव कुमार मरपच्चि चुने गए हैं विधायक**

**क्या होगा जोगी कांग्रेस का भाजपा में विलय ?**

**भाजपा से कोरबा लोकसभा के लिए अन्य भी हैं दावेदार,दावेदारों की संख्या आधा दर्जन**

**प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, जोगेश लांबा,विकास महतो, देवेंद्र पाण्डेय, हितानंद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, डॉक्टर राकेश शर्मा, रेवा यादव हैं दावेदार**


अमित जोगी


प्रबल प्रताप सिंह जूदेव

-रवि सिंह-

**कोरबा/कोरिया 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में अमित जोगी भी प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र साथ ही जनता जोगी कांग्रेस के प्रमुख अमित जोगी की हाल में ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई मुलाकात के बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव सामने हैं और कोरबा लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ के पांच अन्य लोकसभा में भाजपा प्रत्याशियों की सूची पहले जारी कर सकती है ताकि प्रत्याशियों को तैयारी करने के लिए समय मिल सके, पर भाजपा में लोकसभा उम्मीदवारों की बढ़ती दावेदारी ने बीजेपी के लिए ही समस्या न खड़े कर दें कोरबा लोकसभा से कई दावेदार लोकसभा प्रत्याशी के लिए दावेदारी कर रहे हैं पर मिलाना किसी एक कोई है अब किस प्रत्याशी पर भाजपा मोहर लगती है यह आने वाला समय तय करेगा। बता दें की अमित जोगी मरवाही क्षेत्र के रहने वाले हैं और कोरबा लोकसभा क्षेत्र में मरवाही विधानसभा भी शामिल है वहीं मरवाही विधानसभा में जोगी परिवार को एक तरफा कभी समर्थन मिला करता था जिसको देखते हुए ऐसा निर्णय भाजपा ले सकती है जैसा माना जा रहा है। वहीं अमित जोगी के कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बतौर चुनाव लड़ने के पीछे यह भी एक कारण माना जा रहा है की जोगी कांग्रेस का विलय करते हुए अमित जोगी भाजपा प्रवेश कर सकते हैं वहीं वह लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी मांग सकते हैं वह भी कोरबा लोकसभा सीट से । अब देखना है की क्या ऐसा होता है या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनकी मुलाकात सौजन्य मुलाकात ही और इस मुलाकात का जोगी जनता कांग्रेस के भाजपा में विलय से कोई लेना देना नहीं है। वैसे जनता जोगी कांग्रेस प्रमुख अमित जोगी यदि अपनी पार्टी का भाजपा में विलय करते हैं वहीं वह कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बनाए जाते हैं तो ऐसे में भाजपा से कोरबा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनने का सपना देख रहे आधा दर्जन लोगों को निराश होना पड़ेगा वहीं उनकी तैयारी भी धरी की धरी रह जाएगी।


रेवा यादव कोरिया


विकास महतो


देवेंद्र पांडेय कोरबा


जोगेश लांबा पूर्व महापौर


हितानन्द अग्रवाल नेता प्रतिपक्ष नगर निगम कोरबा


संजय अग्रवाल योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष


डॉ. राकेश शर्मा कोरिया

## लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा लोकसभा से भाजपा के पास कई दावेदार,मौका किसी एक को

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कोरबा सीट से भाजपा के पास कई दावेदार सामने हैं,सभी दावेदार मजबूत भी हैं किसी को कमजोर कहना गलत होगा क्योंकि सभी अपने अपने जगह जनता से जुड़ाव कायम रखते चले आ रहे हैं,भाजपा किसी साफ सुथरी छवि वाले प्रत्याशी को ही मौका देगी जो जितने योग्य भी हो ऐसा माना जा रहा है वहीं इस सीट पर दावेदारों के जितने नाम सामने आ रहे हैं उनमें से कुछ नाम संघ पृष्ठभूमि से भी हैं जिसका भी ध्यान टिकट वितरण में रखा जायेगा ऐसा माना जा रहा है। अब देखना है की किसे पार्टी मौका देती है। वैसे कोरबा लोकसभा सीट से अमित जोगी को क्या भाजपा मौका देगी यदि उनकी पार्टी का विलय भाजपा में होता है तो ऐसे में कई दावेदारों को झटका लग सकता है जो वर्षों से पार्टी के लिए काम करते चले आ रहे हैं वहीं कई तो निर्वाचित होकर भी पार्टी टिकट पर सेवा देते चले आए हैं और अब उन्हे लोकसभा टिकट की चाह है।

## भाजपा से जिसे भी मौका मिलेगा उसे मोदी नाम का सहारा मिलना तय है...

भाजपा से जिसे भी मौका मिलेगा उसे मोदी नाम का सहारा मिलना तय है यह सभी दावेदारी की चाह रखने वाले जान रहे हैं इसलिए सभी चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं वहीं भाजपा अपने लिए जिताऊ साथ ही साफ सुथरी छवि का उम्मीदवार तलाशेगी वहीं वह ऐसे ही उम्मीदवार पर दांव लगाएगी जो मोदी लहर में अपनी नैया पार लगाने में सक्षम साबित हो सके। कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार बनने के लिए जितने लोग भी प्रयासरत हैं सभी संपन्न लोग हैं वहीं सभी चुनाव में अपने लिए संसाधन जुटाने में भी सक्षम हैं,सभी अपने लिए लगातार मैदान भी तैयार कर रहे हैं और लगातार वह क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं ,कुल मिलाकर सभी अपने अपने स्तर पर अपना प्रचार अभियान आरंभ कर चुके हैं और अनारक्षित सीट होने की वजह से इस सीट से उम्मीदवारी और बढ़ेगी ऐसी भी उम्मीद है।

## क्या प्रत्याशियों के भीड़ में गुम हो जाएंगे बैकुंठपुर के डॉक्टर शर्मा,जो हैं भाजपा से लोकसभा चुनाव में कोरबा सीट से दावेदार ?

वैसे दावेदारों की भीड़ में बैकुंठपुर से भी एक दावेदार का नाम शामिल है जो डॉक्टर शर्मा का नाम है। डॉक्टर शर्मा वैसे तो पहले केवल अपने आप में ही सीमित रहने वाले व्यक्ति थे और जो अब राजनीति में अपना भाग्य आजमाना चाहते हैं लगातार खुद को कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में समाने प्रस्तुत कर रहे हैं। डॉक्टर शर्मा की दावेदारी विगत दो वर्षों से देखी जा रही है जो गाहे बगाहें पहले देखने को मिलती थी अब जबसे लोकसभा चुनाव का समय करीब आने को है उनकी सक्रियता बढ़ी हुई है। अब देखना है की कई दावेदारों के बीच डॉक्टर शर्मा लोकसभा में अपनी टिकट भाजपा में पक्की करा पाते हैं या फिर उनकी जगह भाजपा किसी ऐसे व्यक्ति को टिकट देती है जो पार्टी में लंबे समय से जुड़ा हुआ हो,जिताऊ हो,साथ ही साफ सुथरी छवि का हो।

## छत्तीसगढ़ के 6 सीटों पर भाजपा पहले ही प्रत्याशी कर सकती है घोषित

भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में पुनः केंद्र में सरकार बनाने के लिहाज से जहां चुनावी मैदान में उतरेगी वहीं छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से वह 6 सीटों पर जल्द ही प्रत्याशी घोषित कर सकती है ऐसा माना जा रहा है। भाजपा प्रत्याशियों को ज्यादा दिन प्रचार का मौका देकर उन्हें मजबूत स्थिति में आने के हिसाब से ऐसा कर सकती है। जिस तरह विधानसभा चुनाव के दौरान देखा गया था की कई प्रत्याशियों को जल्द टिकट प्रदान कर दिया गया जिसका परिणाम भी सुखद आया वैसा ही प्रयोग पार्टी लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण कर सकती है।

## क्या ज्यादा दावेदार बीजेपी के लिए मुसीबत ?

कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा के समाने दावेदारों की लंबी लिस्ट सामने है,कई लोगों की दावेदारी जो सामने भी लगातार देखने को मिल रही है को देखकर यह भी माना जा रहा है की कहीं ज्यादा दावेदार भाजपा के लिए मुसीबत का सबब न बन जाएं क्योंकि टिकट किसी एक को ही मिलना है वहीं दावेदार आधा दर्जन से भी अधिक होने जा रहे हैं और ऐसे में किसे मौका मिलेगा किस किस को मौका नहीं मिलेगा और अन्य के लिए काम करना पड़ेगा यह देखने वाली बात होगी।

## प्रबल की दावेदारी प्रबल ?

प्रबल प्रताप सिंह जूदेव वर्तमान दायित्व प्रदेश मंत्री जो जशपुर नगरपालिका उपाध्यक्ष से अपना राजनैतिक कैरियर की शुरुआत कर जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष बने। पार्टी द्वारा युवा मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाकर साथ साथ रायगढ़ जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया। वर्तमान में प्रदेश मंत्री का दायित्व है संयुक्त कोरिया जिला के तीनो विधान सभा मनेंद्रगढ़, भरतपुर सोनहत एवं बैकुंठपुर के प्रभारी रहते हुए बहुत चर्चित रहे। वर्तमान में बैकुंठपुर जिला प्रभारी का दायित्व है। वर्तमान विधानसभा चुनाव में कोटा विधानसभा के प्रत्यासी के रूप में पूर्व के भाजपा वोट प्रतिशत को डेढ़ गुना करने में सफल रहे। इसके अतिरिक्त अपने पिता स्व दिलीप सिंह जूदेव के नक्शे कदम पर चलकर धर्मांतरित हिंदुओं की अखिल भारतीय स्तर पर घर वापसी कार्यक्रम के माध्यम से पुनः हिंदू बनाने का कार्य सतत करते रहते हैं। पूरे छत्तीसगढ़ में इन्हें हिंदुत्व का एक बड़ा चेहरा माना जाता है और युवाओं में ये बहुत लोकप्रिय हैं। इन्होंने लगभग 17 हजार परिवारों की अबतक घरवापसी करवायी है।सीमावर्ती राज्यों में भी ये काफी लोकप्रिय हैं।

## यह भी है दावेदार

कोरबा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बनने के लिए जो आधा दर्जन लोग प्रयासरत हैं उनमें पूर्व महापौर कोरबा जोगेश लांबा, कोरबा के ही विकास महतो, देवेंद्र पाण्डेय, हितानन्द अग्रवाल, योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, डॉक्टर राकेश शर्मा, सहित बैकुंठपुर के ही रेवा यादव का नाम शामिल है जिन्हे जोर का झटका लग सकता है यदि लोकसभा उम्मीदवार अमित जोगी बनाए जाते हैं। वैसे सभी दावेदारों में से बेहतर दावेदार की बात की जाए जिसपर भाजपा दांव लगा सकती है तो वह कौन होगा यह भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा। अभी जितने लोग भी प्रयासरत हैं वह अपनी खुद की मंशा को लोगों के सामने रख रहे हैं वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने रख रहे हैं जबकि अभी किसी का नाम तय नहीं है।

## कोरबा लोकसभा की भौगोलिक स्थिति

प्रदेश के पावर कैपिटल के रूप में प्रसिद्ध कोरबा लोकसभा सीट पर सभी पार्टियों की नजर है,वर्ष 2008 में परिसीमन के बाद कोरबा निर्वाचन क्षेत्र अस्तित्व में आया था उसके बाद संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव यहां की जनता ने पहली बार डॉ. चरणदास महंत को सांसद चुना था उन्होने भाजपा प्रत्याशी करूणा शुक्ला को हराया था,इसके बाद 2014 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. बंशीलाल महतो ने डॉ. चरणदास महंत को परास्त किया था। 2019 के चुनाव में कांग्रेस की ओर से श्रीमती ज्योत्सना महंत उम्मीदवार थी जबकि भाजपा की ओर से ज्योतिनंद दुबे मैदान में थे इस चुनाव में श्रीमती महंत को जीत मिली थी। कोरबा लोकसभा सीट चार जिले मे फैली है,कोरबा जिले की चार विधानसभा कोरबा, कटघोरा, रामपुर व पाली तानाखार, बिलासपुर जिले की मरवाही,एमसीबी जिले की मनेंद्रगढ व भरतपुर सोनहत,कोरिया जिले की बैकुंठपुर विधानसभा इसमें शामिल है। इनमें कोरबा,कटघोरा,मनेंद्रगढ और बैकुंठपुर सामान्य सीट हैं जबकि बाकी रिजर्व सीट हैं।

## लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का है दबदबा

इस लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुए चुनाव में दो बार कांग्रेस का कब्जा हुआ है जबकि एक बार भाजपा के डॉ. बंशीलाल महतो मोदी लहर के बावजूद महज 4500 वोट से जीत दर्ज कर पाए थे। उसके बाद 2019 के चुनाव में ज्योतिनंद दुबे को लंबी हार का सामना करना पड़ा था। हलांकि पिछली बार प्रदेश में भाजपा की सरकार थी और इस लोकसभा अंतर्गत सात विधानसभा सीट पर कांग्रेस का कब्जा था। 2019 में हारी हुई यह लोकसभा सीट पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछले दो साल से नजर जमाए हुए है,इस बार स्थिति भाजपा के पक्ष में नजर आ रही है। विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत, मनेंद्रगढ, बैकुंठपुर, कटघोरा,कोरबा,मरवाही मिलाकर कुल 6 सीट पर भाजपा के विधायक निर्वाचित हुए हैं जबकि रामपुर सीट पर कांग्रेस एवं पाली तानाखार से गोंगपा के विधायक निर्वाचित हुए हैं। भाजपा वोटों के लिहाज से इस क्षेत्र में मजबूत नजर आ रही है।

# सोनहत में बाहर के ठेकेदार हुए हावी, कहा कमीशन देकर लाए हैं काम:ग्रामीण

### जल संसाधन विभाग का मामला

-रवि सिंह-

**कोरिया/सोनहत,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** कांग्रेस के शासनकाल में विभागीय कार्यों में जमकर ठेकेदारी का खेल हुआ था। अधिकारियों से लेकर नेताओं तक के बीच सिर्फ ठेकेदारी को लेकर चर्चा होती थी। विभागीय कार्यों मे भी सोनहत से बाहर के ठेकेदार विभागीय कार्यों को अपना ठेका बता कर कार्य करते थे। अभी उन्हें अंदाजा था कि फिर से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है, इसलिए विभागीय अधिकारियों के साथ सांठ गांठ कर कार्य करने की जुगत में लगे थे। सरकार बदली लेकिन अधिकारियों का रवैया नहीं बदला। अपने पसंदीदे ठेकेदारों को फिर से विभागीय कार्यों में संलिप्त करा दिया। पता चला है कि ग्राम तंजरा और कैलाशपुर में जल संसाधन विभाग द्वारा स्टॉप डैम का निर्माण कराया जाना है जिसमे स्थानीय सामग्री परिवहन कर्ताओं ने रेत सहित अन्य सामग्री परिवहन करने का प्रयास किया। ऐसे में बैकुंठपुर के ठेकेदार ने स्थानीय सामग्री प्रदाय कर्ताओं को धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने अधिकारियों को पहले ही कार्य का कमीशन देने का दावा किया साथ ही नेताओं को भी मैनेज कर लेने का दावा कर रहे हैं। ग्राम कैलाशपुर के जनप्रतिनिधि भूपेंद्र रजवाड़े ने कहा कि उन्हें भी इस तरह की धमकी दी गई है। जिसका उनके पास सबूत भी है। बड़े ठेकेदार की है अधिकारियों से सांठगांठ- स्थानीय लोगों ने बताया कि ठेकदारों का एक समूह जो विभागीय कार्यों में अफरातफरी कर अपना वर्चस्व स्थापित रखता है। बड़े कार्यों पर इनका कब्जा है। वो अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए कमीशनखोरी का खेल खेलते हैं।

# कांग्रेस की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न,कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ पदाधिकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष जिले में कर रहे गुटबाजी

-संवाददाता-

**मनेंद्रगढ़,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।** मनेंद्रगढ़ जिला एम,सी,बी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में कोरबा लोकसभा प्रभारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रशांत तिवारी के मुख्य अतिथि में एम,सी,बी जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें एमसीबी जिले के दोनों विधानसभा सीट भरतपुर सोनहत एवं मनेंद्रगढ़ के प्रत्याशी सहित प्रमुख कार्यकर्ता सम्मिलित हुए । बैठक में सबसे पहले भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों पर अपने उद्बोधन में अपने विचार साझा किये। चुनाव प्रचार के दौरान कहां कमियां रह गई उन पर प्रकाश डाला गया तथा आने वाले लोकसभा चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं ने अपना पक्ष रखा । इसी तरह मनेंद्रगढ़ विधानसभा सीट से मिली हार पर मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर सही तरीके से काम नहीं करने की बात कही । कार्यकर्ताओं ने कहा कि आने



वाले लोकसभा चुनाव में सबको एक होकर मिलजुल कर काम करना पड़ेगा तभी कांग्रेस को सफलता मिल सकती है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनेंद्रगढ़ विधानसभा सीट से मिली हार कांग्रेस की गुटबाजी भी एक कारण है। गुट बाजी से कांग्रेस को मजबूती मिले तो वहां तक ठीक है लेकिन नुकसान उठाना पड़े तो इस तरह की गुटबाजी कांग्रेस पार्टी के लिए ठीक नहीं है । कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी के लिए काम करना चाहिए क्योंकि चुनाव व्यक्ति नहीं चुनाव चिन्ह कांग्रेस का पंजा चुनाव हारता है। लोकसभा चुनाव में सभी को एकजुट होकर मिलजुल कर काम करना चाहिए। बैठक में भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक गुलाब कमरों एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे रमेश सिंह ने चुनाव में मिली हार के कारणों के संबंध में अपनी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की । बैठक के मुख्य अतिथि कोरबा लोकसभा के प्रभारी प्रशांत तिवारी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा हार के कई कारण रहे लेकिन अब वैसी स्थिति निर्मित न हो पूरे मनोयोग और ईमानदारी के साथ काम करना है । अगर देश के लोकतंत्र को बचाना है तो कांग्रेस को हर हाल में जिताना होगा और कोरबा लोकसभा सीट से जो भी कांग्रेस का प्रत्याशी होता है उसे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीताना है यही सबका लक्ष्य होना चाहिए । जिला स्तरीय बैठक में पहुंचे सभी कांग्रेस जनों का आभार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने जताया बैठक में भरतपुर सोनहत विधानसभा एवं मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केसरवानी सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र पाल मखीजा6 पप्पू 8राजकुमार जैन पर ब्लॉक अध्यक्ष हारून मेमन वरिष्ठ कांग्रेसी ध्रुपद चौहान भरतपुर सोनहत पदाधिकारी कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे जिला एम,सी,बी में कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश,पदाधिकारी कुछ लोगों ने जिला एम,सी बी कांग्रेस के अध्यक्ष के द्वारा कांग्रेस में गुटबाजी करने का आरोप लगाया कांग्रेस,मीटिंग की ना ही उन्हें मोबाइल से संपर्क किया गया ना ही कोई जानकारी दी गई जिससे जमीनी कार्यकर्ताओं वरिष्ठ कांग्रेसियों में उदासी दिखाई पड़ रही है बड़े नेता और प्रदेश के आला कमान के द्वारा जिला अध्यक्ष को ?पद मुक्त करना चाहिए और कोई कांग्रेस कार्यकर्ताओं वं वरिष्ठ कांग्रेसियों जिला अध्यक्ष का पद देना चाहिए जो कंधे से कंधा मिलकर चले कार्यकर्ता वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपनी राय जताई मीटिंग,वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कुछ कांग्रेस में बड़े पदों बैठे में उनको भी पद मुक्त करने का निवेदन किया जिसे कांग्रेस पार्टी मजबूत हो सके।




## किसान मेला के अवसर पर कृषकों को किया गया सम्मानित

-संवाददाता-
कोरबा,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने किसान दिवस के अवसर पर जामबहार और बेला गांव में किसान मेला आयोजन किया। आयोजित उत्सव में 32 गांवों के किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों में नवाचार, सहयोग और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकारी निकायों, वित्तीय संस्थानों और कृषि क्षेत्रों के विभिन्न हितधारकों को एकजुट करते हुए बदलाव के लिए एकजुट किया गया। बालको ने कृषि विभाग,उद्यानिकी विभाग, वन विभाग,भारतीय कृषि बीमा कंपनी (एआईसी),छत्तीसगढ़ नवकरणीय ऊर्जा विभाग, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के साथ अपने सहयोगी स्वयं सेवी संस्था एक्शन फॉर फूड प्रोडक्शन के सहयोग से कार्यक्रम को आयोजित किया। कार्यक्रम में 339 किसानों ने चर्चा, कार्यशाला और प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। उत्सव में विभिन्न गांव के 20 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित किसानों ने मोर जल मोर माटी परियोजना में अपनी भागीदारी के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर, कृषि क्षेत्र में विभिन्न प्रभावशाली नवाचार को अपनाया है। किसानों का सम्मान और समर्थन उनके उपलब्धियों के सराहने के साथ समुदाय के लिए प्रेरक साबित हुआ जिससे कृषि क्षेत्र में नवाचार और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला है।



## शहनाई उसी के घर बजती है जिसके यहां बेटी का जन्म होता है :श्री हित ललित वल्लभ जी महाराज

-संवाददाता-
कोरबा 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
रवि शंकर शुक्ल नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के आज पंचम दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित वल्लभ जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नंद उत्सव के पश्चात भी बधाइयां देने का हर्षोल्लास बना रहा ,तब कंस के द्वारा पूतना नाम की राक्षसी अपने स्तनों में जहर लगाकर भगवान कृष्ण को मारने आई उसे देखकर भगवान ने नेत्र बंद कर लिए पूतना भगवान को उठाकर आकाश मार्ग ले गई भगवान ने दूध के साथ पूतना के प्राणों को भी पी लिया और उसका उद्धार कर दिया । महाराज जी ने कथा के प्रारंभ में श्री राधा जन्म उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया और शिक्षा प्रदान की...कि बेटा बेटी में भेद नहीं समझना चाहिए और समान दृष्टि रखना चाहिए शहनाई उसी के घर बजती है जिसके यहां बेटी का जन्म होता है। प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बताया कि भगवान ने अघासुर ,बकासुर , धेनुकासुर, केसी आदि कई राक्षसों का उद्धार किया ,इसके बाद भगवान श्री कृष्ण ने सुंदर माखन चोरी लीला की ,चीर हरण लीला के अंतर्गत प्रभु ने समझाया कि जलाशय में कभी निर्वस्त्र होकर स्नान ना करें ऐसा करने से जल के देवता वरुण देव का अपमान होता है यमुना जी को कालिया नाग के प्रदूषण से मुक्त कराया और यमुना जल को स्वच्छ किया लेकिन आज कई कालिया है जो नदियों को प्रदूषित कर रहे हैं आज हमारे देश की नदियां प्रदूषित हो गई है समाज को एकजुट होकर नदियों के प्रदूषण को रोकना चाहिए जिससे वह पहले की तरह स्वच्छ एवं शुद्ध रहे गोवर्धन पूजा करवाई और गिरिराज महाराज को छप्पन भोग लगाए गए , भगवान श्री कृष्ण ने पर्वत की पूजा करवा कर जन-जन को संदेश दिया की प्रकृति से उतना ही लें जितनी जरूरत है पेड़ों का कटान पर्वतों का खनन ना करें प्रकृति पूजा ही परमात्मा की सच्ची पूजा है प्रकृति का संरक्षण संवर्धन परम आवश्यक है,भक्त श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग के दर्शन कर अपने आपको धन्य माना, श्री हित सेवा सहचरी समिति ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा श्रवण करने का निवेदन किया है ।

## पुलिस अधीक्षक ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के दिए सख्त निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने यातायात पुलिस को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए आदेश किया है कि दिन-रात में कभी भी आवागमन बाधित करने वाले तथा दुर्घटनाओं को दावत देने वाले वाहनों एवं उनके चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही किया जाए, जिससे शहर क्षेत्र में दुर्घटना में कमी लाई जा सके। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार यातायात थाना प्रभारी उप निरीक्षक गोवर्धन मांझी, एएसआई मनोज राठौर एक ओर जहां शहरी क्षेत्र में देर रात्रि तक आने-जाने वाले वाहनों के ऊपर पैनी नजर रखने के साथ ही साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उपनगरीय क्षेत्रों में एएसआई घनश्याम सिंह राजपूत एवं तरुण जायसवाल अपने हमराह कर्मचारी के साथ इस काम को बखूबी अंजाम देने में जुटे हुए हैं। एएसआई राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मो.व्ही एक्ट की विभिन्न धाराओं का उपयोग करते हुए कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# संक्रांति परब 2024 की तैयारियां हुई तेज

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा





-संवाददाता-
बलरामपुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
तातापानी महोत्सव संक्रांति परब 2024 की तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह तातापानी स्थित मेला स्थल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई व मेला स्थल का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को समय से पूर्व मेला स्थल पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जिले के प्रसिद्ध गर्म जल स्त्रोत स्थल तातापानी में मकर संक्रांति परब के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विभिन्न ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी जाती है। जिले देखने भारी संख्या में पड़ोसी राज्यों से लोग आते हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशासनिक अमले के साथ तातापानी संक्रांति परब 2024 के सफल आयोजन हेतु किये जा रहे तैयारियों का भ्रमण कर जायजा लिया। कलेक्टर श्री एक्का ने मंदिर परिसर में किये जा रहे साफ-सफाई, रंग-रोगन कार्य का अवलोकन करते हुए मंदिर परिसर में स्थित तालाब के किनारे बैरिकेट लगाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर के समीप स्थित हर्बल गार्डन, बाल उद्यान में किये जा रहे साफ-सफाई व मंदिर के पोताई कार्य का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर मेला परिसर में चलित बायो टॉयलेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने मेला स्थल व मंदिर परिसर में लगाये गये स्ट्रीट लाइटों के संबंध में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए खराब लाइटों को दुरुस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु लगाये जा रहे स्टॉलों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्य मंच, ग्रीन रूम, बैठक व्यवस्था, डोम निर्माण, मेला परिसर में लगाये जा रहे दुकान, पार्किंग व्यवस्था, कलाकारों हेतु ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने तातापानी महोत्सव में लगाये गये अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से सौंपे गये दायित्वों के अनुरूप कार्य प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय तथा छत्तीसगढ़ संस्कृति के प्रदर्शन को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा और प्रतिभाशाली लोगों को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन आदिवासी संस्कृति एवं परम्परा की पहचान एवं लोगों के मध्य उनकी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ट्राइबल फैशन वॉक का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलरामपुर, डिप्टी कलेक्टर, जिला स्तरीय अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व मेला समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## जनपद अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में पड़े 21 मतदान

-संवाददाता-
सूरजपुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
सत्ता परिवर्तन होने के बाद पिछले दिनों दिसंबर महीने में जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर आज जनपद सभा कक्ष में हुए मतदान प्रक्रिया में जनपद अध्यक्ष को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ गई। अब कल 11 जनवरी को जनपद उपाध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। दरअसल प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद सूरजपुर जनपद पंचायत के सदस्यों द्वारा जनपद अध्यक्ष जगलाल सिंह व जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने हेतु आवेदन गत दिनों 15 दिसंबर को जिला पंचायत सीईओ व प्रभारी कलेक्टर लीना कोसम को दिया गया था। जनपद सदस्यों द्वारा दिए गए आवेदन पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर 10 जनवरी बुधवार को जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में पीठासीन अधिकारी व तहसीलदार वर्षा बंसल की उपस्थिति में जनपद सदस्यों द्वारा अपने मत का उपयोग किया गया। मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने पर जनपद अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास के पक्ष में 21 मत पड़े जबकि दो वोट रिजेक्ट हो गए। जनपद के सभा कक्ष में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई वोटिंग प्रक्रिया में अब जनपद अध्यक्ष को अपनी कुर्सी गवानी पड़ गई, जबकि जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव के खिलाफ सदस्यों द्वारा ले गए अविश्वास प्रस्ताव पर कल 11 जनवरी को जनपद सभा कक्ष में सदस्यों द्वारा पुनः मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि अब जनपद अध्यक्ष पद के लिए युग्मेश टेकाम व सुनीता आर्मो प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। जनपद अध्यक्ष के चयन हेतु जल्द ही नई तिथि निर्धारित किए जाने की बात कही जा रही है। जनपद सदस्यों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के आज मतदान प्रक्रिया के दौरान सूरजपुर पंचायत निरीक्षक उपेंद्र तिवारी सहित 23 जनपद सदस्य उपस्थित थे।

## खडगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत जांच में सिर्फ की गई खानापूर्ति

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां 10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र सहायक रामकरण साहू के द्वारा पद पर पदस्थ रहकर दो अलग-अलग आई डी नंबर से प्रोत्साहन राशि मंगवाने का मामला नयी सरकार के बनने के बाद फिर एक बार चर्चा का विषय बना गया है रामकरण साहू खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र सहायक के पद पर कार्यरत हैं



इस नेत्र सहायक की आई डी नंबर 01170060079 है और इनकी इसी आई डी नंबर पर प्रोत्साहन राशि आती थी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक रामकरण साहू के लिए ये रकम पर्याप्त नहीं थी इसी वजह से नेत्र सहायक रामकरण साहू ने एक और आई डी नंबर 01170060088 का इस्तेमाल कर के प्रोत्साहन राशि इस आई डी नंबर पर भी मंगवाई जाती थी इस मामले की लिखित शिकायत संजीव सिंह ने कलेक्टर कोरिया को 4/1/2024 को किया गया है और इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से भी करेंगे संजीव सिंह के द्वारा सूचना के अधिकार से इस मामले की पूरी जानकारी प्राप्त हुई है। कि खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक रामकरण साहू के द्वारा दो दो अलग-अलग नंबरों से आई डी चला कर प्रोत्साहन राशि का लाभ लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेत्र सहायक रामकरण साहू खड़गवां के कांग्रेसी नेताओं के काफी नजदीकी माने जाते हैं और जिसके कारण इनके द्वारा इसका पूरा फायदा उठाया गया है। इस मामले की शिकायत संजीव सिंह ने तथ्यों के आधार पर पहले भी कि गई थी जिसकी जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कि गई है क्योंकि सरकार भी कांग्रेस की और कांग्रेस नेता के खास होने का पूरा लाभ भी प्राप्त हुआ जिससे शिकायत जांच महज दिखावा बन कर रह गई। जानकारों के द्वारा ये कहा जा रहा है कि उस समय कांग्रेस की सरकार थी और कांग्रेसी नेताओं का नेत्र सहायक रामकरण साहू को संरक्षण प्राप्त था जिसके कारण ये मामला कागजों में ही दफ़न हो कर रह गया?

अब देखना है कि संजीव सिंह की शिकायत को नयी भाजपा की सरकार के नये स्वास्थ्य मंत्री जांच कराएंगे ? अगर सारे तथ्यों के आधार पर सही तरीके से निष्पक्ष जांच हो तो कई बड़े मामले उजागर हो सकते हैं ? इस संबंध में नेत्र सहायक रामकरण साहू से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि संविदा के समय जो आई डी जनरेटर हुई थीं उसके बाद रेगूलर होने के बाद फिर उसी नाम से आई डी जारी हूई उसी कारण दो आई डी में राशि आना दिख रही है।

## अंबिकापुर में एक पत्रकार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मारपीट मामले को लेकर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



-संवाददाता-
सूरजपुर,10 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।
अंबिकापुर में एक पत्रकार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मारपीट के मामले को लेकर सूरजपुर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उल्लेखनीय है की अंबिकापुर में एक पत्रकार को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मारपीट के मामले को लेकर सूरजपुर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौप कार्यवाही की मांग की है गत दिनों अंबिकापुर मेआयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरा भाजपाई के द्वारा पत्रकार पर अंबिकापुर में आयोजित मुख्यमंत्री की सभा में हमला कर दिया था। पत्रकारों ने भाजपा पदाधिकारी को पार्टी से निष्कासन की मांग मुख्यमंत्री से की है। साथ ही भाजपा के कार्यक्रम में पत्रकार की सुरक्षा की मांग की है ।

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प0क्र0...../ब-121/2023-24

आम जनता ग्रामवासी ग्राम छिंदिया को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुमारसाय आ0 श्री रामसाय जाति-गोंड़ निवासी ग्राम छिंदिया थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने पिता रामसाय का विलम्ब/ मृत्यु दिनांक 07/02/1994 के होने से अपने पिता रामसाय का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

जिस किसी आम जनता/ग्रामवासियों को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 15/01/2024 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि के पश्चात् कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मद्रा से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी (रा)अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा0प0क्र0...../अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष सिंह पिता स्व0 अक्षयवर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 1294/5 रकबा 0.093 हे0 में से 0.024 हे0 ख0नं0 1296/5 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, ले-आउट, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 29/01/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

# संक्षिप्त खेल समाचार

## टी 20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के नए बॉलिंग कोच बने आंद्रे एडम्स



**क्राइस्टचर्च, 10 जनवरी 2024।** पूर्व कीवी ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। आंद्रे एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड टीम के हिस्से के रूप में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए काम करेंगे, जिसमें नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड टीम के साथ आंद्रे एडम्स ऑकलैंड में अपनी पारी की शुरुआत किए। पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की टी 20 सीरीज 12 जनवरी से ऑकलैंड में शुरू हो रही है। अंतिम दो टी20 के लिए क्राइस्टचर्च जाने से पहले टीमें दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः

## क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते हुए खिलाड़ी को आया हार्ट अटैक

**नोएडा, 10 जनवरी 2024।** एक्सप्रेस-वे कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-135 स्थित ग्राउंड पर क्रिकेट खेल रहे एक इंजीनियर की मौत हो गई। वह जैसे ही रन लेने के लिए दौड़े तो बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा स्वजन को सौंप दिया है। कोतवाली प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड के 36 वर्षीय विकास नोएडा की एक कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। रविवार को वह अपने साथियों के साथ सेक्टर-135 के क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान रन लेने के लिए भाग रहे विकास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। साथी खिलाड़ी उन्हें उपचार के लिए जेपी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना स्वजन को दी। खेलते समय विकास की आकस्मिक मौत से उसके स्वजन व साथी हैरान हो गए। मौत का कारण जानने के लिए शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदय गति रुकने से मौत होना बताया गया है। वहीं स्वजन ने पुलिस को बताया कि पूर्व में विकास को कोरोना हुआ था। फिलहाल विकास का शव स्वजन को सौंप दिया है।



## वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**मेलबर्न, 10 जनवरी 2024।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम 17 दिसंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी, जिसमें कैमरून ग्रीन भी नजर आएंगे।मैट रेन्शॉ को, जिन्हें वार्नर ने अपने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में चुना था, टेस्ट खेल चुके सलामी बल्लेबाजों मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के मुकाबले तरजीह देते हुए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।लेकिन 27 वर्षीय रेन्शॉ को अभी भी प्लेइंग-11 में जगह बनाने के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती प्लेइंग-11 में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है।



# एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वॉलीफायर में अमेरिका से भारत की टक्कर

**13 जनवरी को होगा मुकाबला**

**नई दिल्ली, 10 जनवरी 2024।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। रांची में मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ में ट्रेनिंग लेने के बाद अनुभवी आक्रमणकारी मिडफील्डर नवनीत कौर ने कहा कि रांची में जल्दी पहुंचने से टीम को मेन मैदान पर कुछ सेशन का लाभ उठाने में मदद मिली है और इससे टी को इस मौसम के साथ तालमेल बैठाने में भी मदद मिली है।



उन्होंने कहा कि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान टीम इस वेन्यू पर खेल चुकी है और मैदान से अच्छी तरह वाकिफ भी है। हम कुंती जिले में भी गए और ट्रेनिंग ली ये हमारे कुछ साथियों का घरेलू मैदान है। भारत, न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ पूल बी में है। हर पूल से टॉप दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और टूर्नामेंट में टॉप तीन पर रहने वाली टीमों को पेरिस 2024 का टिकट मिलेगा।

अभी संभावनाओं के बारे में नवनीत ने कहा कि हम बहुत आशावादी हैं। हमारे ग्रुप में जो टीमें हैं वे हमारे लिए कोई नई नहीं हैं। हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं। सर्कल में ह जो मौके बनाते हैं, उन्हें गोल में बदलना हमारे अभियान के लिए अहम होगा और टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करने से टीम को सही आत्मविश्वास मिलेगा। भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए उतरेगी।

# भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे राशिद खान

» **कप्तान जादरान बोले- लेग स्पिनर मैच के लिए अनफिट**

» **कमी खलेगी लेकिन टीम अब भी स्ट्रॉन्ग**

**अफगानिस्तान, 10 जनवरी 2024।** अफगानिस्तान के स्टार ऑलराउंडर राशिद खान भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। टीम के कप्तान इब्राहिम जादरान ने कन्फर्म किया कि वह मैच खेलने के लिए फिट नहीं हैं। उनकी कमी महसूस होगी, लेकिन टीम में मुजीब, नूर और नबी जैसे टॉप क्लास स्पिनर्स अब भी अवेलेबल हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच टी-20 सीरीज कल यानी गुरुवार से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला मोहाली के बिंद्रा स्टेडियम में खेला जाएगा।

### राशिद पूरी तरह फिट नहीं

स्पोर्ट्स-स्टार की रिपोर्ट अनुसार, 25 साल के स्टार ऑलराउंडर ने 2 महीने पहले पीठ की सर्जरी कराई थी। वह टीम के साथ चंडीगढ़ पहुंचे और कुछ देर बॉलिंग भी की। लेकिन मैच से पहले कप्तान इब्राहिम जादारान ने कहा, राशिद पूरी तरह फिट नहीं है, उन्हें मैच फिट होने में अभी कुछ और समय लगेगा।

### उम्मीद है राशिद जल्दी फिट हो जाएंगे

इब्राहिम जादरान ने कहा, राशिद टीम के साथ ट्रैवल कर रहे हैं लेकिन वह फिलहाल फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह जल्दी फिट हो जाएंगे। वह डॉक्टर्स के कॉर्डिनेशन में रिहैब कर रहे हैं और सीरीज में उनकी कमी महसूस होगी।

### टीम अब भी मजबूत

जादरान ने आगे कहा, राशिद का अनुभव अहम है लेकिन उनके बिना भी टीम मजबूत है। स्पिन डिपार्टमेंट में मुजीब उर रहमान और नूर अहमद पर टीम को जिताने की जिम्मेदारी रहेगी। वहीं सबसे अनुभवी मोहम्मद नबी भी सिलेक्शन के लिए अवेलेबल रहेंगे।

भारत में भारत के खिलाफ खेलना मुश्किल रहेगा लेकिन टीम यहां अपनी स्किल्स दिखाने आई है। हमारे पास कई अच्छे टी-20 प्लेयर्स हैं। खिलाड़ी अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और मुझे यकीन है कि हम टीम इंडिया को अच्छा कॉम्पिटिशन दे पाएंगे।



### भारत से अब तक नहीं जीत सका अफगानिस्तान

भारत और अफगानिस्तान के बीच 11 जनवरी को पहला टी-20 खेला जाएगा। अफगानिस्तान की टीम पहली बार भारत के खिलाफ 3 टी-20 की सीरीज खेलने भारत आई है। पहला मैच मोहाली के IS बिंद्रा स्टेडियम में खेला जाएगा। जबकि 14 जनवरी को दूसरा मुकाबला इंदौर और 17 जनवरी को तीसरा मुकाबला बेंगलुरु में होगा।

टी-20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम- इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जानत, अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब और राशिद खान।

वनडे वर्ल्ड कप के 3 चैंपियन इंग्लैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका को 3 महीने पहले ही भारत में हराने वाली अफगानिस्तान टीम फिर भारत आ रही है। टीम कल यानी 11 जनवरी से भारत में 3 टी-20 की सीरीज का पहला मैच खेलेगी। सीरीज जून में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम है।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वॉड घोषित कर दिया है। वनडे-टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके डेविड वॉर्नर की जगह टेस्ट टीम में मैट रेन्शॉ को मौका मिला है। वहीं स्टीव स्मिथ वनडे सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे।

## ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए कंपनी का गठन

» **गुजरात सरकार खेल ढांचे पर करेगी 6 हजार करोड़ खर्च**

**नईदिल्ली, 10 जनवरी 2024।** गुजरात सरकार ने 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। राज्य ने 6 खेल परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ एक अलग कंपनी का गठन भी किया है। दरअसल, एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर यह जानकारी दी।



इस दौरान अधिकारी ने कहा कि, गुजरात ओलंपिक प्लानिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड का गठन लगभग तीन महीने पहले हुआ था। इसके निदेशक मंडल की एक बैठक पहले ही हो चुकी है। इस कंपनी ने 'वाइब्रेंट गुजरात व्यापार प्रदर्शनी-2024' में अपना पवेलियन लगाया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन गांधीनगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। कंपनी मुख्य रूप से अहमदाबाद के मोटेरा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव के आसपास लगभग 350 एकड़ क्षेत्र के विकास के कार्यों को देखेगी।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये भारतीय हॉकी टीम का ऐलान

**नईदिल्ली, 10 जनवरी 2024।** भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।हॉकी इंडिया ने 22 जनवरी से दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिये भारत की 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है जिसमें जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को भी मौका मिला है। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण माने जा रहे इस टूर्नामेंट में तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत का सामना फ्रांस, नीदरलैंड और मेजबान दक्षिण अफ्रीका से होगा।

टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथ में ही होगी जबकि एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले युवा अराइजीत सिंह हुंडल और बॉबी सिंह धामी पहली बार सीनियर स्तर पर खेलेंगे। गोलकीपिंग में पवन को कृशन पाठक और पी आर श्रीजेश के साथ मौका दिया गया है। पिछले टूर्नामेंट से ब्रेक पर रहे अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की भी वापसी हुई है।मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने इस दौरे के बारे में कहा ,''ओलंपिक सत्र की शुरूआत दक्षिण अफ्रीका दौरे से करने को लेकर हम काफी उत्साहित है जहां हमें बेहतरीन टीमों से खेलने का मौका मिलेगा।'' उन्होंने कहा ,'' हमने बड़ी टीम चुनी है ताकि सभी खिलाड़ियों को मौका मिल सके और एफआईएच प्रो लीग से पहले मैं सभी को मैच हालात में खेलते देख सकूं। दो जूनियर खिलाड़ी भी चुने गए हैं जिन पर नजरें रहेंगी।''भारतीय टीम 22 और 24 जनवरी को फ्रांस से (दोपहर 2.30 से), 26 जनवरी को दक्षिण अफ्रीका से (रात 9. 30 से) और 28 जनवरी को नीदरलैंड से (दोपहर दो बजे से) खेलेगी।





## फिटनेस को लेकर ऋतिक के फैन बन गए हैं अक्षय ओबेरॉय

आगामी फिल्म फाइटर में अभिनय करने वाले अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने कहा कि फिल्म के जरिए मुझे फिटनेस आइकन और स्टार ऋतिक रोशन के साथ जुड़ने का मौका मिला।

अक्षय ने कहा, मैं छोटी उम्र से ही फिटनेस का शौकीन रहा हूं,लेकिन फाइटर में ऋतिक के साथ काम करने से मुझे फिटनेस और स्वस्थ शरीर बनाए रखने का एक नया नजरिया मिला।

उन्होंने कहा, ऋतिक बॉलीवुड में एक सचे फिटनेस आइकन हैं, और एक ही प्रोजेक्ट पर काम करने से दो फिटनेस प्रेमी एक साथ आए हैं। फिटनेस के प्रति उनका समर्पण और जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है।

अपनी स्वस्थ जीवन शैली के प्रति प्रतिबद्धता के लिए ऋतिक, अक्षय के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बन गए हैं।

अक्षय ने ऋतिक के साथ काम करने के परिवर्तनकारी प्रभाव को स्वीकार किया।

उन्होंने कहा, मेरे सह-अभिनेता से मिली प्रेरणा ने मुझे एक फिट जीवन जीने का नया दृष्टिकोण दिया है। यह सिर्फ शारीरिक फिटनेस के बारे में नहीं है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जिसे ऋतिक अपनाते हैं और यह वास्तव में प्रेरक है।फाइटर सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित एक एक्शन फिल्म है। फिल्म में दीपिका पादुकोण, ऋतिक और अनिल कपूर हैं। फाइटर 25 जनवरी को रिलीज होगी।

## अभिनेत्री अंजुम फकीह ने शो 'कुंडली भाग्य' छोड़ने को बताया सबसे कठिन निर्णय

मुंबई। टेलीविजन शो 'कुंडली भाग्य' में सृष्टि की भूमिका निभाने के बाद प्रसिद्ध हुई अभिनेत्री अंजुम फकीह ने छह साल बाद शो छोड़ दिया है। अंजुम ने 'कुंडली भाग्य' छोड़ने के पीछे की वजह का खुलासा किया और बताया कि यह शो उनकी जिंदगी में कितनी खास जगह रखता है। उन्होंने कहा, कुंडली भाग्य और सृष्टि ने मुझे वह आकार दिया है जो मैं आज हूं। यह मेरे जीवन में दोस्त बनाने और मूल्यवान सबक देने वाला एक अविश्वसनीय अध्याय रहा है। एक परिवार के रूप में हमने जो यादें बनाई हैं, वे अनमोल हैं और मेरे दिल के बेहद करीब हैं। सृष्टि का किरदार निभाना एक परिवर्तनकारी अनुभव था और जब अंजुम के बजाय मुझे सृष्टि के रूप में संबोधित किया जाता है तो मुझे बेहद गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा, कुंडली भाग्य ने न केवल एक कलाकार के रूप में मेरे महत्वपूर्ण विकास में मदद की, बल्कि मुझे एक अविश्वसनीय प्रशंसक आधार से भी जोड़ा, जिसने पूरे समय मेरा समर्थन किया। उन्होंने आगे कहा, यह प्रोजेक्ट एक मील का पत्थर बन गया है और मैं इसके सबक और अनुभवों को अपने करियर के अगले अध्याय में ले जाऊंगी। मुझे यह अद्भुत अवसर प्रदान करने के लिए एकता कपूर को मेरा हार्दिक आभार। मैं अपने प्रिय शो 'कुंडली भाग्य' की सफलता में योगदान देने का मौका पाने के लिए वास्तव में आभारी हूं। अभिनेत्री ने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को किसी अन्य प्रोजेक्ट के लिए नहीं छोड़ा। शो की जैनरेशनल लीप लेने से पहले भी मैं एक कलाकार के रूप में अपनी इच्छा के बारे में निर्माताओं के साथ लगातार संपर्क में थी। आगे बढ़ने का निर्णय आसान नहीं था। मुझे एक प्रतिभाशाली और समर्पित टीम के बीच एक शानदार भूमिका में डूबने का अवसर मिला। एक कलाकार के रूप में मैं विकसित होने और विविध भूमिकाएं निभाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति महसूस करती हूं। मेरा मानना है कि खुद को लगातार चुनौती देना महत्वपूर्ण है। इसी कारण यह निर्णय लिया गया। इस बीच वह अपने शो 'दबंगी' की शूटिंग में बिजी हैं।



## अक्षय टाइगर की फिल्म बड़े मिया छोटे मिया का पोस्टर जारी



अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की नई फिल्म बड़े मियां छोटे मियां चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे.। काफी समय की देरी के बाद आखिरकार निर्देशक अक्षय कुमार ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है.। अक्षय कुमार ने बड़ मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए 2024 का एक खास दिन चुना है। जब फैन्स को यह बात पता चली तो उनके चेहरे खिल उठे।

### रिलीज डेट खास है...

अक्षय कुमार अपनी ज्यादातर फिल्में त्योहार से पहले और त्योहार के बाद रिलीज करते हैं। क्योंकि छुट्टियों से फिल्म इंडस्ट्री को फायदा होता है.। अब इस अभिनेता ने बड़े मियां छोटे मियां के साथ एक बड़ा त्योहार चुना है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

10 जनवरी को अक्षय कुमार ने बड़े मियां छोटे मियां के रूप में अपना लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया था.। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि इस फिल्म की रिलीज में सिर्फ तीन महीने बचे हैं. इसके अलावा, अभिनेता ने यह भी बताया कि बड़े मियां छोटे मियां इस साल ईद पर रिलीज होगी, जिसका मतलब है कि फिल्म 10 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कार्रवाई बहुत बढ़िया होगी

बड़े मियां चेते मियां÷ का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। यह फिल्म अब वासु बगनानी और जैकी बगनानी की प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाई जा रही है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक मजेदार एक्शन फिल्म में नजर आएंगे।

### इन सुंदरियों को फिल्म में दिखाया गया है

बड़े मियां छोटे मियां के कई स्टंट दृश्य हॉलीवुड एक्शन विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा शूट किए गए थे। स्टारकास्ट की बात करें तो फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी चिल्लर और अलाया एफ भी मौजूद हैं। इसी बीच साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म के विलेन बन गए।

## फिर साथ नजर आए खुशी और वेदांग

मुंबई; दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी और मशहूर फिल्म निर्देशक बोनी कपूर की बेटियां जान्हवी कपूर और खुशी कपूर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। बहनों का एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा रिश्ता है। वे एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं और एक-दूसरे को प्रोत्साहित भी करते हैं। ये दोनों अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर काफी एक्टिव रहते हैं और आए दिन अपने फैंस के लिए तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते हैं। खुशी हाल ही में पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों तरह से सुर्खियाँ बटोर रही हैं।खुशी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत द आर्चीज़ से की, जो पिछले महीने नेटफ्लिक्स के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ हुई थी। खुशी इस समय अपने को-स्टार वेदान रैना के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। खुशी और वेदान का एक नया वीडियो जारी किया गया है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस तस्वीर में खुशी और वेदान एक साथ कार में नजर आ रहे हैं। खुशी लंबी आस्तीन वाले सफेद ऑफ-शोल्डर टॉप के साथ छोटी भूरे रंग की स्कर्ट और हील्स में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



# कैबिनेट में सीएम ने लिया बड़ा फैसला

## साय कैबिनेट की बैठक में रामलला दर्शन योजना को मंजूरी

» प्रफुल्ल भारत होंगे छत्तीसगढ़ के नए महाधिवक्ता

» पहले चरण में इन लोगों को सरकार कराएगी राम लला के दर्शन

**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय कैबिनेट ने प्रदेश के लोगों को अयोध्या में राम लाल के दर्शन कराने का फैसला किया है। अयोध्‍ या के साथ ही काशी विश्वनाथ का भी दर्शन कराया जाएगा।

कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने बताया कि कैबिनेट की आज की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़वासियों को दी गई गारंटियों में से एक और गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश में श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना शुरू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

ज्ञातव्य है कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने हेतु अयोध्या ले जाने की घोषणा की गई है। जिसके परिपालन में श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की जा रही है।

➡ इस योजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा तथा बजट पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

➡ इस योजना के तहत हर साल लगभग 20 हजार यात्रियों को श्री रामलला दर्शन हेतु यात्रा पर ले जाया जाएगा।

➡ छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, 18 से 75 आयु वर्ग के जो जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण में सक्षम पाए जाएंगे, उन्हें यात्रा की पात्रता होगी। दिव्यांगजनों के लिए यथा संभव उनके परिवार से कोई एक सदस्य साथ में रहेंगे।

➡ प्रथम चरण में 55 वर्ष से ऊपर के यात्रियों को यह सुविधा उपलब्ध होगी।



इसके पश्चात अन्य आयु वर्ग के लोगों को भी यह सुविधा दी जाएगी।

इसके लिए प्रत्येक जिले में कलेक्टर की अध्यक्षता में श्री रामलला दर्शन समिति बनायी जाएगी। प्रत्येक समिति द्वारा अनुपातिक कोटा के अनुसार हितग्राहियों का चयन किया जाएगा।

➡ इस यात्रा की दूरी लगभग 900 किलोमीटर होगी। इसके लिए भारतीय रेल्वे केटरिंग एवं टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के साथ छत्तीसगढ़ मण्डल द्वारा एमओयू किया जाएगा।

➡ आईआरसीटीसी द्वारा यात्रा के दौरान यात्रियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, स्थलों के दर्शन, स्थानीय परिवहन तथा एस्कार्ट की व्यवस्था की जाएगी।

➡ हितग्राहियों को उनके निवास से निर्धारित रेल्वे स्टेशन तक लाने एवं वापस ले जाने की व्यवस्था संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जाएगी। इसके लिए उन्हें बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

➡ प्रत्येक जिले से यात्रियों के साथ एक सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा एक छोटा दल भेजा जाएगा।

➡ यात्री दुर्ग-रायपुर, रायगढ़ एवं अंबिकापुर से रेल द्वारा गन्तव्य स्थल के लिए रवाना होंगे।

➡ यात्रा का मूल गन्तव्य अयोध्या धाम रहेगा। इसके साथ ही वाराणसी में एक दिन का रात्रि विश्राम, काशी विश्वनाथ मंदिर एवं कॉरीडोर तथा गंगा आरती का दर्शन का लाभ भी यात्रियों को मिल सकेगा।

➡ वर्तमान में आईआरसीटीसी द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक ट्रेन उपलब्ध करायी जाएगी। भविष्य में ट्रेन की उपलब्धता अनुसार यात्रियों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी।

➡ इसके साथ ही मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के महाधिवक्ता के पद पर प्रफुल्ल भारत की नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया। साव ने बताया कि भारत पहले ये अतिरिक्‍ त महाविधवक्ता रह चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### निगम-मंडलों में नियुक्ति जल्द होगी



**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** सरकार गठन और मंत्रिमंडल में विभागों के आवंटन के बाद सरकार के कामकाज को सुचारू रूप से संचालित करने निगम- मंडलों में नियुक्ति बहुत जल्द करने वाली है। सीएम आज दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित बड़े केंद्रीय नेताओं् से मुलाकात करेंगे। सरकार निगम -मंडल में नियुक्तियों को लेकर भी एक्टिव नजर आ रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सबसे अहम मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ हो सकती हैं। वे राष्ट्रीय प्रमुख से प्रदेश में निगम-मंडल की नियुक्ति और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर मंथन करेंगे।

### हटाए गए छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सीई रियाजुल बारी



**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। इसके लिए राज्य शासन की ओर से आदेश जारी हुआ है। आदेश जारी करते हुए सीई रियाजुल बारी को पद से हटा दिया है। जो कि छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में पदस्थ थे। रियाजुल बारी की संविदा नियुक्ति समाप्त कर दी गई है। वहीं अरविंद राही मंत्रालय में विभाग के ओएसडी बनाए गए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। 3 सीई, 2 एसई का विभाग बदला गया है। जारी आदेश के अनुसार के के कटारे पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता बनाए गए हैं। वहीं विजय तिवारी, सीई मनरेगा तकनीकी प्रकोष्ठ बनाए गए हैं। रामसागर,सीई ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बनाए गए है। सूर्यकांत पांडे, ग्रामीण संपर्क प्रशिक्षण केंद्र के सीई बनाए गए हैं और हरिओम शर्मा को सीएम ग्राम सड़क योजना के सीई की जिम्मेदारी दी गई है।

### स्टेरिंग छोड़ अभियान स्थगित



**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** छग ड्राइवर महासंगठन ने 10 जनवरी को होने वाले आंदोलन स्टेरिंग छोड़ अभियान को निरस्त कर दिया है। छग ड्राइवर महासंगठन के अध्यक्ष प्रीतम ने विज्ञप्ति जारी कर सभी ड्राइवरों को काम पर लौटने की अपील की है। जारी अपील में ड्राइवर महासंगठन ने कहा कि काम पर लौटने वाले ड्राइवरों को रोकने और प्रताड़ित करने वालों को महासंगठन किसी प्रकार का कानूनी सहयोग नहीं देगी। वो इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

छग महासंगठन ने सभी ड्राइवरों को स्टेरिंग छोड़ अभियान स्थगित करने की जानकारी उचित माध्यमों से भेज दी है। वो शीघ्र अपने काम में लोटे।

### कांग्रेस नेता सुशील शुक्ला ने इस पद से दिया इस्तीफा

**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** कांग्रेस नेता सुशील शुक्ला ने भाड़ा नियंत्रण अभिकरण के सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है। शुक्ला ने अपना यह इस्तीफा रजिस्ट्रार को भेजा है।



बता दें कि शुक्ला की नियुक्ति पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने की थी। ऐसे में राज्य में सत्ता बदलते ही भाजपा सरकार ने उनकी नियुक्ति को रद्द कर दिया। शुक्ला ने इसके खिलाफ बिलासपुर हाईकोर्ट में अपील की जहां कोर्ट ने शुक्ला के पक्ष में फैसला दिया। कोर्ट ने शुक्ला की नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दिया है।

# एसएसपी मीणा सीबीआई के लिए रिलीव



» आईपीएस शशि मोहन सिंह ने संभाला बस्तर एसपी का प्रभार

» आईएसएस सुनील कुमार जैन बने खनिज विकास निगम के प्रबंध संचालक

**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। आईपीएस जितेंद्र मीणा की सीबीआई में पोस्टिंग के बाद वे रिलीव हो गए। उनके स्थान पर आईपीएस शशि मोहन सिंह को बस्तर एसपी का अस्थाई प्रभार सौंपा गया है। शासन के आदेश के मुताबिक 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी मीणा प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई में उप महानिरीक्षक बनाए गए हैं।

इसके अलावा शासन द्वारा 2009 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर सुनील कुमार जैन को राज्य खनिज विकास निगम का प्रबंध संचालक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वर्तमान में उन पर खनिज विभाग और जल जीवन मिशन के संचालक और खनिज एवं ऊर्जा विभाग के विशेष सचिव की भी जिम्मेदारी है।

**आईपीएस शशि मोहन सिंह ने संभाला बस्तर एसपी का प्रभार**

2012 बैच के आईपीएस शशि मोहन सिंह ने आज सुबह 11 बजे एसपी कार्यालय पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। उनके एसपी कार्यालय पहुंचते ही सलामी दी गई.। एडिशनल एसपी नाग के साथ डिपार्टमेंट के अफसरों ने बुके भेंट कर स्वागत किया और बधाई दी।

# नंदकुमार बघेल पंचतत्व में हुए विलीन



**बेटे हितेश ने दी मुखाग्नि**

**दुर्ग,10 जनवरी 2024 (ए)।** पाटन विधानसभा क्षेत्र के कुरूदडीह में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल आज पंचतत्व में विलीन हे गए । हिंदू रीति-रिवाज से उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र हितेश बघेल ने अपने पिता नंदकुमार बघेल को मुखाग्नि दी। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा-कांग्रेस के नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

अंतिम संस्कार से पहले बेटी भारती बघेल के घर पहुंचते ही परिवार गमगीन हो गया था। नंदकुमार बघेल का अंतिम दर्शन करने शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी कुरूदडीह पहुंचे थे।

# राजभवन से हटाए जाऐंगे आईएएस अमृत खलखो



**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन राजभवन तलब किए गए। राज्यपाल हरिचंदन ने चर्चा के लिए बुलाया था। दोनों के बीच करीब आधे घंटे चर्चा हुई। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि इस दौरान राजभवन में रिक्त पदों पर नई नियुक्ति पर चर्चा हुई । इनमे दो उप सचिव दीपक अग्रवाल, एमपी पटेल के पदों के साथ नए सचिव की भी नियुक्ति के संकेत हैं । अग्रवाल,गरियाबंद कलेक्टर और मंत्रालय कैडर के पटेल के रिटायर होने से पद रिक्त है।वहीं अमृत खलको की जगह भी नई नियुक्ति होनी है। इसके पीछे, पीएससी-21 को कारण माना जा रहा है। इस विवादित परीक्षा में खलको के पुत्र, पुत्री के चयन पर भी उंगली उठाई गई है। सरकार ने इस भर्ती की सीबीआई जांच का फैसला किया है। ऐसे में खलखो का राजभवन में रहना उचित नहीं माना जा रहा। राज्यपाल ने इस संबंध में भी मुख्य सचिव जैन से चर्चा की। वैसे भी खलको,रिटायरमेंट के बाद संविदा पर कार्य कर रहे हैं। हाल के फेरबदल में खलको को श्रम विभाग से भी मुक्त कर दिया गया है। समझा जा रहा है कि आज शाम होने वाली कैबिनेट की बैठक के बाद जैन ,सीएम विष्णु साय से राज्यपाल की इच्छा से अवगत कराएंगे। साय सामान्य प्रशासन विभाग के भी प्रभारी है।

# हिट एंड रन का नया कानून अभी लागू नहीं

**वाहन चालकों को डरने की आवश्यकता नहीं**



**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** हिट एंड रन मामले पर केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि हिट एंड रन मामलों के लिए लाए गए कानून को अभी लागू नहीं किया गया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। कतिपय स्वार्थी तत्वों के द्वारा फेक लेटर्स के माध्यम से गलत जानकारी देकर ट्रांसपोर्ट संगठनों और वाहन चालकों को बहकाने की सूचना मिली है। वाहन चालकों को स्वार्थी तत्वों द्वारा गलत जानकारी देकर फैलाए जा रहे अफवाहों से डरने की आवश्यकता नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। वाहन चालकों को किसी भी प्रकार के बहकावे में आने और भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों को किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित कर स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग इस कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी और उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय भल्ला ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे और उसके बाद ही हम कोई निर्णय लेंगे।

# सीजी के मीसाबंदियों को फिर से मिलेगी सम्मान राशि




**कांग्रेस ने सत्ता में आते ही खत्म कर दी थी यह योजना**

**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** मैंने मीसा बंदियों के तकलीफों को बहुत करीब से देखा है। उनके संघर्ष और पीड़ा को मैंने महसूस किया है। आपातकाल के दौरान मेरे बड़े पिताजी स्वर्गीय नरहरि साय भी 19 महीने तक जेल में रहे। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के वृंदावनहाल में लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा आयोजित प्रांतीय परिवार सम्मेलन और सम्मान समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मीसाबंदियों की सम्मान राशि की बहाली के लिए पहल करेगी। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए मीसा बंदी और उनके परिजनों ने अपनी आपबीती भी साझा की। आपबीती सुन भावुक हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आपातकाल के समय का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतंत्र सेनानी जब जेल जाते थे तो उस परिवार की स्थिति बड़ी पीड़ादायक हो जाती थी। इन परिवारों के सामने आजीविका का संकट हो जाता था। मीसा बंदियों के साथ हमारी सरकार न्याय करेगी। पूर्ववर्ती डॉ रमन सिंह की सरकार ने मीसाबंदियों के लिए सम्मान राशि देने की शुरुआत की थी। हम मीसाबंदियों के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

राज्यसभा सांसद और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए संघर्ष की बात जब भी आएगी, तब इन लोकतंत्र के प्रहरी मीसा बंदियों के संघर्षों से प्रेरणा ली जाएगी। इन्होंने लोकशाही के लिए लड़ाई लड़ी। यह भारत के इतिहास में एक बड़ा उदाहरण है।

राज्यसभा सांसद और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए संघर्ष की बात जब भी आएगी, तब इन लोकतंत्र के प्रहरी मीसा बंदियों के संघर्षों से प्रेरणा ली जाएगी। इन्होंने लोकशाही के लिए लड़ाई लड़ी। यह भारत के इतिहास में एक बड़ा उदाहरण है।

राज्यसभा सांसद और लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए संघर्ष की बात जब भी आएगी, तब इन लोकतंत्र के प्रहरी मीसा बंदियों के संघर्षों से प्रेरणा ली जाएगी। इन्होंने लोकशाही के लिए लड़ाई लड़ी। यह भारत के इतिहास में एक बड़ा उदाहरण है।

# डीजीपी अशोक जुनेजा की आपात बैठक में एसपी और आईजी को मिला सख्त निर्देश



**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** डीजीपी अशोक जुनेजा की नशे पर पुलिस अधीक्षकों और पुलिस महानिरीक्षकों की आपात बैठक समाप्त हो गई है। करीब घंटे भर की वीसी में सभी पुलिस अधीक्षकों से नशे के खिलाफ अभियान तेज करने कहा। गृह मंत्री विजय शर्मा का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रजी भी नशे को लेकर काफी गंभीर हैं।

जुनेजा ने कहा कि नए पुलिस एक्ट के बारे में भी सभी पुलिस अधिकारियों को जागरुक किया जावें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कार्रवाइयों में कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब हर 15 दिन में वे कार्रवाइयों की समीक्षा करेंगे और महीने में किसी भी जिले का आकस्मिक दौरा भी करूंगा। बताते हैं, गृह मंत्री विजय शर्मा नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज न होने से पुलिस महकमा से बेहद नाराज है। कल देर शाम उन्होंने डीजीपी अशोक जुनेजा से फोन पर बात कर निर्देश के बाद भी नशे के खिलाफ कार्रवाई न करने पर नाराजगी जताई।




# सभी विवाहित महिलाओं को मिलेगी महतारी वंदन योजना के तहत वित्तीय सहायता

**रायपुर,10 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बड़ी घोषणा की है। महतारी वंदन योजना के तहत जल्द ही प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं को वित्तीय सहायता मिलेगी।

# छत्तीसगढ़ में 22 जनवरी को छुट्टी घोषित करने मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने लिखी चिट्ठी

**रायपुर,10 जनवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने 22 जनवरी को छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्कूल-कॉलेजों को भी बंद रखने की अपील की है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देशभर के साथ प्रदेश में भी दिवाली की तरह मनाने की तैयारी चल रही है।

मुख्यमंत्री को भेजे मांग पत्र में बृजमोहन की ओर से लिखा गया है- मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम छत्तीसगढ़ के भांजे हैं। 22



जनवरी को उनकी जन्मस्थली अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर का लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित हो रहा है जिसे लेकर दुनिया भर के सनातनी हिंदू धर्मावलंबी हर्षित हैं। इस दिन पूरी दुनिया रामोत्सव मनाएगी।

चिट्ठी में बृजमोहन अग्रवाल ने आगे मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि- इस हर्षोल्लास के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी स्कूल कॉलेज सहित सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाना चाहिए ताकि छत्तीसगढ़ का जन जन रामोत्सव धूम धाम से मना सकें।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)